माघ कृष्ण पक्ष-8, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 286 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
02 अप्रैल 2024 मंगलवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## मध्यप्रदेश में पहले चरण की सीटों के लिए तेज हुई दलीय घेराबंदी...

# छह सीटों के लिए स्टारवॉर, नड्डा ने की शुरूआत, राहुल भी आएंगे



### छिंदवाड़ा में फिर झटके की तैयारी!



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**
मप्र में पहले चरण के लिये 19 अप्रैल को मतदान के पहले बड़े नेताओं के दौरों की शुरुआत आज भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जबलपुर व शहडोल से की। नड्डा ने इस मौके पर जबलपुर में प्रबुद्धजनों को संबोधित किया और कहा कि वे अपने आसपास के लोगों को भी भाजपा के समर्थन के लिये प्रेरित करें क्योंकि यही आज की आवश्यकता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव व वीडी शर्मा भी मौजूद थे। उधर कांग्रेस ने केंद्रीय नेता भी मप्र की पहले चरण की छह सीटों के लिये प्रचार शुरू करने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी का विंध्य और महाकोशल में सभा का खाका तैयार किया गया है और जल्द ही इसे अंतिम रूप दिया जाएगा। राहुल के अलावा प्रियंका गांधी के दौरे सभा के लिये भी प्रदेश कांग्रेस ने हाइकमान से चर्चा की है।

**इससे** पहले कल रात मुख्यमंत्री यादव ने छिंदवाड़ा के चौराई में दो किलोमीटर लंबा रोड शो किया। उनके साथ कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू सहित तमाम भाजपा नेता मौजूद रहे। माना जा रहा है कि कमलनाथ के गढ में सेंध लगाने में जुटी भाजपा को मुख्यमंत्री के दौरे के बाद कांग्रेस को अब फिर कोई बडा झटका दे सकता है। यदि सूत्रों की मानें तो भाजपा इन दिनों कांग्रेस के एक और विधायक के 'सघन संपर्क' में है। दूसरी तरफ कांग्रेस हरसंभव और टूट रोकने की मशक्कत में जुटी है। कमलनाथ कैंप के अलावा भोपाल में भी कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी लगातार उन नेताओं से संपर्क करने की कोशिश कर रहे हैं जिनके भाजपा में जाने का अंदेशा है। एक पदाधिकारी का कहना है कि भाजपा लगातार कांग्रेस के नेताओं पर कई तरीकों से दबाव बना रही है।

### ईवीएम से बचने दिग्विजय का नया फंडा...400 उम्मीदवार!

**इधर** लंबे समय से ईवीएम को अविश्वसनीय बता रहे पूर्व सीएम व राजगढ से कांग्रेस उम्मीदवार दिग्विजय सिंह अब अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से कह रहे हैं कि 400 से ज्यादा प्रत्याशी हों तो चुनाव आयोग को ईवीएम की जगह मतपत्र का इस्तेमाल करना पड़ेगा। क्षेत्र में पदयात्रा कर रहे सिंह यह दावा भी कर रहे हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव होंगे तो भाजपा की हार पक्की है। इसके लिए वे कार्यकर्ताओं को प्रयास करने की बात भी कर रहे हैं। इससे पूर्व छत्तीसगढ़ में भी पूर्व सीएम भूपेश बघेल एक सीट पर 375 से अधिक नामांकन होने पर बैलेट पेपर से चुनाव होने की बात कर चुके हैं। वे कार्यकर्ताओं से अधिकाधिक नामांकन पत्र भरने की अपील कर रहे हैं। वहीं जानकारों का कहना है कि ऐसा कोई नियम तो नहीं है, लेकिन तकनीकी रूप से ईवीएम से नोटा समेत 384 उम्मीदवारों तक के नाम ही दर्ज किए जा सकते हैं। इसमें नोटा का बटन शामिल है।



## आतिशी का दावा चार मंत्री होंगे गिरफ्तार, रेड भी होगी

# आप नेताओं को ऑफर, भाजपा में आओ या जेल जाओ!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
आम आदमी पार्टी सरकार की मंत्री आतिशी ने आज सनसनीखेज खुलासा कर कहा है कि 'मेरे एक करीबी के माध्यम मुझे बीजेपी में शामिल होने का ऑफर दिया गया है, ऐसा नहीं करने पर गिरफ्तारी की धमकी दी जा रही है। अगले कुछ दिनों में आप के कुछ और नेताओं को गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने कहा, 'प्रधानमंत्री और बीजेपी ने अपना मन बना दिया है कि आम आदमी पार्टी को और उसके सभी नेताओं को कुचलना चाहते हैं खत्म करना चाहते हैं।

आतिशी ने कल ही कहा था कि वे बड़ा खुलासा करने जा रही हैं। आज उन्होंने कहा कि 'आम आदमी पार्टी की सीनियर लीडरशिप हिरासत में है लेकिन रविवार को रामलीला मैदान पर लाखों लोगों के आने के बाद सड़क पर आम आदमी पार्टी के संघर्ष के बाद लगता है कि आने वाले समय में अगले चार बड़े नेताओं को जेल में डाला जाएगा। मेरे निजी आवास पर भी ईडी की रेड होगी। मेरे रिश्तेदारों और परिवार वालों के घर रेड होगी और हम सबको समन भेजे जाएंगे और फिर गिरफ्तार किया जाएगा।'

बकौल आतिशी, भाजपा को लगता था कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं के जेल में जाने के बाद पार्टी टूट जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पार्टी के नेताओं की दूसरी पंक्ति भी उतनी ही ईमानदार है। कोई भाजपा से नहीं डरेगा और कोई नहीं झुकेगा। भाजपा की साजिश है कि केजरीवाल सरकार के अन्य चार-पांच बड़े मंत्रियों को गिरफ्तार किया जाए, ताकि पार्टी को पूरी तरह तोड़ा जा सके। दरअसल, कोर्ट में सुनवाई के दौरान शराब नीति कांड में पहली बार आतिशी के साथ ही मंत्री सौरभ भारद्वाज का नाम भी सामने आया। ईडी के मुताबिक, केजरीवाल ने कहा है कि शराब नीति कांड में गिरफ्तार विजय नायर तो आतिशी और भारद्वाज को रिपोर्ट करता था, ना कि उन्हें। इसके बाद माना जा रहा है कि आतिशी और भारद्वाज की भी मुश्किलें बढ़ सकती हैं।



### रातभर तिहाड़ में बेचैन रहे केजरीवाल

उधर तिहाड़ की जेल नंबर 2 में मुख्यमंत्री केजरीवाल की पहली रात बेचैनी में गुजरी। बताया जा रहा है कि, केजरीवाल ने रात को जेल में घर का खाना खाया। वे देर रात तक जागे रहे और सारी रात करवटें बदलते रहे। आज सुबह केजरीवाल स्वयं जल्दी उठे उन्हें सुबह 6.40 बजे नाश्ता और चाय दिया गया। दोपहर भोजन के बाद, उन्हें 12 बजे अपने सेल में वापस जाना पड़ा। हालांकि डायबिटीज़ को ध्यान में रखते हुए केजरीवाल को शुगर सेंसर और ग्लूकोमीटर, इसबगोल, ग्लूकोज, और अचानक शुगर कम होने पर जेल सुपरिटेंडेंट से टॉफ़ी देने को कहा गया है। इतिहास में ये पहला मौका है जब कोई मौजूदा मुख्यमंत्री जेल गया हो। संयोग यह भी है कि जिस तिहाड़ जेल में केजरीवाल बंद हैं, वो तिहाड़ जेल दिल्ली सरकार के अधीन है।

## ट्रंप को मिली राहत जुर्माना कम हुआ

**न्यूयार्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब कुछ राहत की सांस लेने का मौका मिला है। उन्होंने न्यूयॉर्क के नागरिक धोखाधड़ी मामले में 17.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना चुका दिया। हालांकि, ट्रंप को 45.4 करोड़ डॉलर यानी करीब 29.46 अरब रुपये का जुर्माना चुकाना था। इस मामले में अदालत में सुनवाई चल रही है। गौरतलब है, ट्रंप ने 45.4 करोड़ के नागरिक धोखाधड़ी के मामले में अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की है। न्यूयॉर्क की अदालत ने फरवरी में अदालत ने उन्हें 35.5 करोड़ डॉलर का जुर्माना चुकाने का आदेश दिया था, जोकि अब बढ़कर 45.4 करोड़ डॉलर हो गया। अदालत ने ट्रंप के साथ-साथ उनके बेटों को भी सजा सुनाई थी और उन पर भी जुर्माना लगाया था। हालांकि, अभी यह साफ नहीं है कि ट्रंप की जुर्माना राशि पूरी तरह से कम कर दी गई है या उन्हें यह राशि किस्तों में जमा करवानी है।



## सवारियों से भरी बस पलटी, 25 से ज्यादा यात्री घायल

**मुरैना।** आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे 44 पर सोमवार देर रात एक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 25 से ज्यादा यात्री घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में महिला और बच्चे में शामिल भी हैं। हादसे में बस में सवार 10-12 यात्रियों को ज्यादा चोटें आई हैं, उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के समय बस में करीब 30 यात्री सवार थे। जानकारी के अनुसार मप्र के ग्वालियर जिले से बस में सवार होकर सभी यात्री मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन के लिए राजस्थान जा रहे थे। इस दौरान मुरैना जिले के सिविल लाइन थाना इलाके के सिकरोदा नहर के पास आगरा दिल्ली नेशनल हाईवे 44 पर यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना पर पहुंची मुरैना पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### भ्रामक विज्ञापन मामला

# बाबा अदालत में हुए हाजिर, कोर्ट ने लगाई पतंजलि को फटकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आज पतंजलि को कड़ी फटकार लगाई। अदालत ने कहा कि वो पतंजलि के जवाब से संतुष्ट नहीं है। योगगुरु बाबा रामदेव भी सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। उनके साथ आचार्य बालकृष्ण भी थे। कोर्ट ने इस मामले में बाबा रामदेव को अदालत में पेश होने का समन जारी किया था। अदालत ने पतंजलि और आचार्य बालकृष्ण को अदालत के नोटिस का जवाब नहीं देने पर कड़ी आपत्ति जताई थी। बाबा रामदेव की ओर से सीनियर वकील बलवीर सिंह पेश हुए।

अदालत ने कहा कि आपके खिलाफ दो मामले हैं, जिनका जवाब देना होगा जस्टिस हिमा कोहली ने पूछ कि बाबा रामदेव और दूसरे अवमाननाकर्ता का हलफनामा कहां है? पतंजलि के वकील ने जवाब दिया कि वे कोर्ट के अंदर हैं, भीड़ के कारण हम उन्हें यहां नहीं लाए। न्यायमूर्ति कोहली ने कहा एक बार जब यह अदालत कार्यवाही है और निर्देश हैं तो इसकी जानकारी देने के लिए कौन जिम्मेदार है। यदि यह बचाव योग्य नहीं है तो आपकी माफी काम नहीं करेगी। यह सुप्रीम कोर्ट को दिए गए वचन का घोर उल्लंघन है। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपके वचन का पालन किया जाना चाहिए जो कि गंभीर है। बाबा रामदेव के वकील ने अदालत में गलती मानते हुए कहा, 'चूक हो गई'। जस्टिस कोहली ने कहा कि तो यह अंत है। अगर ये आपसे चूक है तो बस इतना ही। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते।



## बीजापुर में मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, एके-47 बरामद

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में आज सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। इस बात की जानकारी पुलिस की ओर से दी गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुठभेड़ गंगालूर पुलिस थाना क्षेत्र के जंगल में हुई। जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। तभी सुबह छह बजे मुठभेड़ हो गई। घटनास्थल से मारे गए 4 नक्सलियों के शव के साथ ही इंसास एलएमजी और एके 47 जैसे ऑटोमैटिक हथियार जवानों ने बरामद किए हैं। एंटी नक्सल ऑपरेशन पर डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा, बस्तर फाइटर्स, बस्तरिया बटालियन और सीएएफ के जवानों की संयुक्त टीम निकली है।

## जामनगर के जमावड़े में मुकेश अंबानी ने कर डाली बिग डील

**मुंबई।** बीते दिनों गुजरात के जामनगर में दुनिया भर की हस्तियों का जमावडा था, क्योंकि वहां उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे के प्री वैडिंग प्रोग्राम हुआ था। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के इस प्री-वेडिंग इवेंट में एक बड़ा सौदा भी हो गया। इसकी जानकारी अब सामने आई है। यहां बिल गेट्स से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक पहुंचे थे। अब एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुकरबर्ग के नेतृत्व वाली फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा भारत में अपना पहला डाटा सेंटर चेन्नई के रिलायंस कैंपस में खोल सकती है। ईटी की रिपोर्ट के मुताबिक, फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप की मूल कंपनी मार्क जुकरबर्ग की मेटा भारत में अपना पहला डाटा सेंटर तमिलनाडु के चेन्नई में रिलायंस इंडस्ट्रीज कैम्पस में स्थापित करेगी। दोनों कंपनियों के बीच चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है और ये कदम मेटा के लिए भारतीय बाजार के महत्व को उजागर करता है। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि चेन्नई में डाटा सेंटर स्थापित करने का फैसला हाल ही में एक कार्यक्रम में हुई चर्चा के बाद लिया गया है। चेन्नई कैम्पस ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और डिजिटल रियल्टी का एक ज्वाइंट परिसर है, जो कि 10 एकड़ में फैला है और इसे 100-मेगावाट आईटी लोड क्षमता का समर्थन करने के लिए डिजाइन किया गया है।



### मेट्रो एंकर

## टाटा की कंपनी एयर इंडिया खरीदेगी, सरकार ने मांगा जवाब...

# विस्तार... विलय के पहले संकुचन का शिकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
कुछ ही समय पहले शुरू हुई विस्तारा एयरलाइंस को आज फिर कई उड़ानें रद्द हुई हैं। टाटा का यह ड्रीम प्रोजेक्ट पायलट्स की कमी और संचालन संबंधी समस्याओं से जूझ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आज कंपनी की 70 के करीब उड़ानें रद्द हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी की एक अप्रैल से अब तक 50 से ज्यादा उड़ानें रद्द हो चुकी हैं और 160 के करीब उड़ानों में देरी हुई है।

उल्लेखनीय है कि विस्तारा एयरलाइंस, टाटा ग्रुप की कंपनी है और इसका टाटा ग्रुप की ही अन्य एयरलाइंस एयर इंडिया के साथ विलय प्रस्तावित है। ऐसे में माना जा रहा है कि विस्तारा एयरलाइंस की इतनी संख्या में उड़ानें रद्द होने की ये भी एक वजह हो सकती है। विस्तारा ने बयान जारी कर कहा है कि 'कई वजहों से, खासकर क्रू की कमी की वजह से, हमने बीते दिनों में बड़ी संख्या में फ्लाइट्स कैंसिल की है और कई उड़ानों में देरी हुई है। ऐसे में हमने तय किया है कि अपने नेटवर्क में कनेक्टिविटी के लिए हम अपनी फ्लाइट्स की संख्या कम करेंगे।' उधर सोशल मीडिया पर यूजर्स कंपनी की सर्विस को लेकर नाराजगी जता रहे हैं। विस्तारा एयरलाइंस की इतनी बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द होने और उड़ानों में देरी होने पर नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भी कंपनी से जवाब मांग लिया है।

### आकाश में अकासा

**उधर** दिग्गज निवेशक राकेश झुनझुनवाला की एयरलाइन कंपनी अकासा एयर थोक में विमान खरीद रही है। पिछले दिनों खबर थी कि इस नई एयरलाइन ने एक साथ 150 बोइंग 737 मैक्स विमानों के लिए ऑर्डर दिया है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई उड़ाए सेवाएं शुरू करने के लिए इन विमानों का इस्तेमाल होगा। एयरलाइन कंपनी अकासा की ओर से इसकी घोषणा हैदराबाद में चल रहे 'विंग्स इंडिया 2024' में की गई थी।



### पायलट्स में सैलरी को लेकर नाराजगी

एयर इंडिया और विस्तारा एयरलाइंस के विलय के तहत दोनों कंपनियों के क्रू को एक सैलरी स्ट्रक्चर के तहत लाने की तैयारी हो रही है। नई व्यवस्था के तहत विस्तारा के पायलट्स को 40 घंटे की उड़ान के बदले तय सैलरी मिलेगी। साथ ही अतिरिक्त घंटे की उड़ान के लिए उन्हें अलग से भुगतान किया जाएगा। विस्तारा के पायलट्स को अभी 70 घंटे की उड़ान के तहत सैलरी दी जाती है। मामले के जानकारों के मुताबिक नए सैलरी स्ट्रक्चर से विस्तारा एयरलाइंस के कई पायलट्स नाराज हो गए हैं क्योंकि इससे उनकी सैलरी में कमी होगी।

# वंदेभारत में अब झांसी से चढ़ेगा खाना, बेस किचन शिफ्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस की बेस किचन को इस सप्ताह ग्वालियर से हटाकर झांसी शिफ्ट कर दिया जाएगा। बताया जाता है कि रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत एक्सप्रेस के बेस किचन के संचालन के लिए ठेके किए थे, जिसे झांसी में बेस किचन चलाने वाली कंपनी ने प्राप्त कर लिया है। यही कंपनी वर्तमान में खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन के बीच हाल ही में चालू की गई वंदे भारत एक्सप्रेस में खानपान व्यवस्था संभालती है। ऐसे में अब इन दोनों वंदे भारत एक्सप्रेस में झांसी से खाना चढ़ाया जाएगा। वहीं ग्वालियर की बेस किचन में अब भोपाल शताब्दी और गतिमान एक्सप्रेस के यात्रियों के लिए खाना तैयार किया जाएगा।



उधर खबरे हैं कि रेलवे बोर्ड द्वारा एक जुलाई से एक और बड़े बदलाव की तैयारी की जा रही है। इसके तहत ट्रेनों में गुणवत्तापूर्ण खाने के लिए अब बेस किचन की जिम्मेदारी में इजाफा किया जा रहा है। रेलवे की तैयारी है कि अब ट्रेनों की पेंट्री कार में खाना तैयार नहीं किया जाएगा, बल्कि ट्रेन के रूट पर पड़ने वाली बेस किचन से ही इन ट्रेनों में खाना भेजा जाएगा। मंडल में वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और ग्वालियर से गुजरने वाली 50 ट्रेनों में बेस किचन से खाना पहुंचाया जाएगा।

नयी ट्रेनें भी. इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कार्पोरेशन भारत गौरव विशेष ट्रेन आगरा कैंट से कोलकाता गंगासागर यात्रा बैद्यनाथ, गया, पुरी, कोणार्क, गंगासागर, कोलकाता, वाराणसी और अयोध्या की यात्रा कराएगी। यह यात्रा 25 अप्रैल से चार मई तक नवरात्र दस दिन की होगी। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर की जाएगी। पैकेज में श्रेणी के अनुसार कुल 767 सीटें है।

## नवमी पर पूजा



भोपाल। शीतला माता मंदिर में शीतला नवमी पर पूजा अर्चना करती हुई महिलाए।

### शैक्षणिक सामग्री के लिए नहीं कर सकते बाध्य, शिकायत मिली तो दो लाख रुपए तक जुर्माना

# मनमानी करने वाले निजी स्कूलों को अल्टीमेटम से रुकेगी मनमानी !

## हरकत में आया है स्कूल शिक्षा विभाग, सभी जिलों के कलेक्टरों को जारी किए दिशा-निर्देश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मनमानी करने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के कलेक्टरों को इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं और नियमों के सख्ती से पालन कराने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे संज्ञान में आया है कि कुछ निजी स्कूलों द्वारा पालकों को कोर्स की किताबें, यूनिफार्म और अन्य शिक्षण सामग्री किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जो कि उचित नहीं है। मैंने इस सम्बन्ध में कार्रवाई करने के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के तहत प्रथम बार शिकायत प्राप्त होने पर स्कूल संचालक पर 2 लाख रूपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा।



## किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा

*विभाग ने निर्देश दिए हैं कि मप्र निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम, 2017 की धारा 6 एवं 9 एवं नियम 2020 के नियम 6 एवं 9 को संज्ञान में लिया जाये। इसमें स्पष्ट उल्लेख है कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावक को पुस्तकें, यूनिफार्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विक्रेताओं से क्रय करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा। उक्त आशय की शिकायतें प्राप्त होने की स्थिति में संबंधित स्कूल के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाए।*

## ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए

कलेक्टरों को आदेश दिए गए हैं कि ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए। विभाग द्वारा कलेक्टरों को लिखे पत्र में कहा गया है कि शासन के संज्ञान में आया है कि कुछ स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, एनसीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। पेरेंट्स से विषयवार एनसीईआरटी, सीबीएसई, एससीईआरटी मुद्रित व निर्धारित पाठ्यक्रम की पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की पाठ्य पुस्तकों को चयन कर अभिभावक को निर्धारित दुकान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म करने हेतु अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किया जा रहा है।

# 14 लाख मुसाफिर मिले तो घाटे से बाहर आया भोपाल एयरपोर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हवाई यात्रा तक मध्यम वर्ग की पहुंच के बाद अब भोपाल विमानतल पर चहलपहल भी बढी है और मुनाफा भी। क्योंकि उच्च वर्ग के साथ अब कई नये वर्ग के यात्री भी जुडते जा रहे हैं और उड़ानों की संख्या भी बढ रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भोपाल से 13.75 लाख यात्रियों ने देश के विभिन्न शहरों तक विमान से सफर किया। 13871 बार विमानों ने फेरे लगाए। यह आंकड़ा कोरोना काल से पहले के काल की संख्या से भी अधिक है। सुविधाओं के साथ यात्री बढ़ने के कारण भोपाल एयरपोर्ट घाटे से उबर गया है।

अफसरों का कहना है कि भोपाल में नया टर्मिनल बनने के बाद से लगातार सुविधाओं का विस्तार किया गया था जिससे खर्च बढ़ा लेकिन लाभ नहीं हो पा रहा था। पहली बार अब शुद्ध लाभ की स्थिति में आ गए हैं। अब विमानतल प्रबंधन के समक्ष सुविधाओं का स्तर बनाए रखने की भी चुनौती है। ताकि हम नंबर एक की स्थिति में बने रहें। बताया जाता है कि गत वर्ष करीब 35 करोड़ रूपये घाटे के मुकाबले इस वर्ष तीन करोड़ रूपये मुनाफा हुआ है। पिछले तीन साल से राजा भोज एयरपोर्ट पर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।



इसी कारण उड़ानों की संख्या भी बढ़ रही है। इस बार हुए कस्टमर सेटिस्फिकेशन सर्वे में भोपाल को देश का नंबर एक हवाई अड्डा घोषित किया गया है। इस सर्वे के बाद एयरपोर्ट अथारिटी ने यहां पर नया एटीसी टावर एवं तकनीकी ब्लाक शुरू किया है। इसके निर्माण से इंटरनेशनल उड़ानों की राह आसान हो गई है।

## कई बाधाएं भी दूर हुई

उल्लेखनीय है कि पिछले माह ही भारत सरकार ने भोपाल को कस्टम एयरपोर्ट घोषित किया है। इससे इंटरनेशन उड़ानें प्रारंभ होने की अंतिम बाधा भी दूर हो गई है। एयरपोर्ट पर नया एटीसी टावर बनने के साथ ही विमानन सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान की शुरूआत की गई है। यहां विमान सुरक्षा की ट्रेनिंग भी शुरू हो गई है। यहां 300 से अधिक प्रशिक्षु अधिकारियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। सुरक्षा जांच में सुविधा एवं पैसेंजर फ्रेंडली वातावरण के कारण भी एयरपोर्ट को सर्वे में नंबर एक मिला है। हाल ही में डीजीसीए ने रनवे सुधार को स्वीकृति दी है। नए रनवे- 30 टोरा सिस्टम से विमानों का टेकआफ समय पांच मिनट तक कम हो गया है। इससे एटीएफ भी बच रहा है।

## गेहूं की खरीदी



भोपाल। बैरागढ़ कृषि उपज मंडी में गेहूं की खरीदी जारी है। गेहूं की मंडी में अच्छी आवक रही।

## पुरानी पुस्तकें उपहार में देकर केवी-2 में हुआ सत्र का हुआ शुभारंभ

**भोपाल।** राजधानी के शिवाजी नगर स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 में नए शिक्षण-सत्र का शुभारंभ पुस्तकोपहार अभियान के साथ हुआ। प्राचार्य पवन कुमार बेदुये और उप-प्राचार्य अंजना धनराजू के आह्वान पर विद्यार्थियों ने अपनी पिछले वर्ष की किताबें अपने जूनियर विद्यार्थियों को उपहार में दीं। यह आयोजन प्रार्थना सभा के दौरान किया गया। इस दौरान प्राइमरी कक्षाओं के बच्चे ज्यादा उत्साहित दिखे। सैकड़ों विद्यार्थी उपहार में देने के लिए अपनी किताबें लेकर आए। प्राचार्य पवन कुमार बेदुये ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना है। ऐसा करके हम न सिर्फ कागज की खपत को कम करके पेड़ों को कटने से बचा सकते हैं, बल्कि कागज और किताबों को बनाने में लगने वाली ऊर्जा को भी बचा सकते हैं। इस अभियान से अभिभावकों पर आर्थिक बोझ भी कुछ हद तक कम होगा।

# दिनचर्या में सुधार ही, अच्छे स्वास्थ्य की ओर पहला कदम है : टेवानी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में 10 दिनी रोग निवारण-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को अनुभव सत्र में डॉ. रमेश टेवानी निरोगी काया के टिप्स दिए। शिविरार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए।

शिविर में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, दिल्ली, राजस्थान , गुजरात, पंजाब,उत्तर प्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, हरियाणा,झारखंड से 94 साधक हिस्सा लेने आए हैं। शिविर में डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्सि, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन,



हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर का प्राकृतिक उपचार किया गया। प्रातः जागरण एवं नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएँ, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएँएवं आनंद मेला दिनचर्या का हिस्सा रहे।

डॉ. टेवानी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य है कि कैसे आहार को औषधि बनाया जाए, ना कि औषधि को आहार बनाए। स्थायी स्वास्थ्य लाभ लेना है तो प्राकृतिक चिकित्सा के अलावा दूसरा कोई मार्ग नहीं हैं। जब आप प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाते हैं तो आप जीवन में सदैव के लिए निरोग हो जाते हैं और जीवन में कभी रोग नहीं आता हैं।

अनुभव सत्र में शिविरार्थियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि शिविर बी.पी., डायबीटिज, घुटनों के दर्द, हाथां पैरों के दर्द, अर्थराइटिस, साइनस, सरवाइकल स्पोंडिलाइटिस में काफी आराम हुआ है। कार्यक्रम का समापन लता टेवानी के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। अगला शिविर 12 से 21 अप्रैल 2024 को आयोजित किया जाएगा।

**मेट्रो एंकर**

### सिद्धभाऊजी ने बच्चों को कठिन मेहनत का पाठ पढ़ाया

# संतनगर के स्कूलों में नया सत्र शुरू, विद्यार्थियों-पालकों का हुआ स्वागत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर के स्कूलों में सत्र 2024-25 की शुरूआत हो गई है। नए सत्र के पहले दिन एक अप्रैल को स्कूल पहुंचने पर शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का टीका लगाकर स्वागत किया। मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र का प्रारंभ प्रार्थना सभा के साथ हुआ। संस्था के अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक सिद्धभाऊजी ने कहा कि विद्या धन के समान है और इस धन की प्राप्ति कठिन मेहनत से ही संभव है। मात्र कथित रूप से लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की जा सकती इसके लिए मेहनत परम आवश्यक है और मेहनत से ही आप अपनी उन्नत जीवन शैलीतथा समाज व देश में सम्मान व उच्च स्थान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की शिक्षा जीवन का आधार है । इस आधार को मजबूत करने के लिए अध्ययन हेतु समय सारिणी बनाकर स्वयं की दिनचर्या निर्धारित करें तथा विद्यालय के प्रथम दिवस से ही अपना अध्ययन प्रारंभ करें और ज्ञान प्राप्त करने के लिए जिज्ञासु बने। विद्यालय के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह और उपप्राचार्या आशा चंगलानी ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर विद्यालय के अकादमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित रहें।



## चॉकलेट फूल देकर वेलकम

साधु वासवानी स्कूल व मुकिता इंटरनेशनल स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ शिक्षिकाओं द्वारा विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुआ। नर्सरी कक्षा में प्रवेश लेने वाले नये विद्यार्थी का चॉकलेट और फूल देकर वेलकम किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि नये सत्र के प्रथम दिन से ही विद्यार्थी प?ाई के प्रति कमर कस लें, क्योंकि सत्र के आरंभ में ही जो विद्यार्थी प?ाई के प्रति जागरुक रहता है वह अवश्य ही प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करवाता है। विद्यालय की प्राचार्या सुतापा जॉयसवाल, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा, रुपाली मेशराम एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का स्वागत किया।





## हर दिन समय पर आएं

दीपमाला पागारानी संस्कार विद्यालय में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का स्वागत किया गया। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि आज सत्र का पहला दिन है मैं सबसे पहले उन विद्यार्थियों को बधाई देना चाहता हूं, जो आज समय से और पूरी यूनीफॉर्म में स्कूल आए हैं। इसी तरह रोज स्कूल आएं। संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने कहा कि आज नए सत्र का पहला दिन है और जो पहले दिन ही लक्ष्य निर्धारित कर उस पर चलना शुरू हो जाता है उसे लक्ष्य की प्राप्ति अवश्य होती है। इस अवसर पर विद्यार्थियों में टॉफियां एवं बिस्कुट बांटे गए। विद्यालय के प्राचार्य आर.के. मिश्रा, उपप्राचार्य मीनल नरयानी, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का स्वागत किया।

**तिलक लगाकर स्वागत किया:** कला लक्ष्मण दास वेंसिमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल करोंद में नए सत्र 2024- 25 में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। प्रार्थना सभा में विद्यालय प्राचार्या सुमन विश्वकर्मा ने मां सरस्वती की पूजा की। सुबह सवेरे लेकर तेरा नाम प्रभु की प्रार्थना की गई। सिद्ध भाऊजी का संदेश बच्चों तक पहुंचाया गया। प्राचार्या एवं शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया।

# पलायन वोट प्रतिशत बढ़ाने में बड़ी बाधा, कई तो राजनीति का माहौल देखकर भी वोट देने से बच रहे!

**मप्र 100 फीसद वोटिंग से 28.81 फीसद पीछे, 2019 में 71.19 प्रतिशत पड़े थे वोट**




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र के सामने वोट प्रतिशत बढ़ाने में पलायन अभी भी मुख्य समस्या है। लोकसभा चुनाव 2024 में वोट डालने की तारीखें नजदीक आते जा रही हैं लेकिन प्रदेश के कई गांव ऐसे हैं जहां के ज्यादातर लोग मजदूरी करने बाहर गए हैं। अब तक ये लौटे नहीं है और न ही लौटने की संभावना है। दूसरी ओर जो लोग है, उनमें से कई लोग राजनीति के वर्तमान परिदृश्य को ठीक नहीं बता रहे हैं इसलिए वोट करने या नहीं करने में इनकी रूचि पहले की तुलना में कम हो गई है। जिसके कारण बड़ा संकट है।

असल में लोकसभा चुनाव में 100 प्रतिशत वोटिंग से मप्र अभी भी 28.81 फीसद पीछे है। 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में 44.35 फीसद वोट पड़े थे। इसके बाद 10 वर्ष में हुए दो लोकसभा चुनाव में यह बढ़ता गया और 1998 के चुनाव में 61.72 फीसद तक पहुंचा। लेकिन इसके बाद के चुनावों में फिर वोटिंग कम होने लगी। अब पिछले तीन लोकसभा चुनाव से वोटिंग का प्रतिशत बढ़ रहा है। तब भी 2009 से लेकर 2019 तक 20.03 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी नहीं हुई है। 1991 के लोकभा चुनाव में 44.35 और 2019 में 71.19 वोट पड़े थे।



### पलायन की है ये मजबूरी

- **प्रदेश** में मनरेगा व निजी क्षेत्र में दूसरे राज्यों की तुलना में कम मजदूरी मिलती है, इसलिए लोग दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात जैसे राज्यों में मजदूरी करने जाते हैं।
- **कई** बीएलओ मतदाता सूची को शुद्धता के साथ अपग्रेड नहीं करते। जिसके कारण मृतक और एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में बसने वाले मतदाताओं के नाम सूची में बने रहते हैं। इस तरह जब मूल मतदाता होते ही नहीं तो उनके वोट डालने का सवाल ही नहीं होता और इस तरह संबंधित क्षेत्र का वोटिंग प्रतिशत प्रभावित हो जाता है।
- **लोकसभा** चुनाव गर्मी में होते हैं। ऐसे समय में कई लोग वोट देने से बचते हैं।

### किस लोकसभा चुनाव में क्या रहा वोटिंग प्रतिशत

| वर्ष | – | वोटिंग प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1991 | – | 44.35 |
| 1996 | – | 54.06 |
| 1998 | – | 61.72 |
| 1999 | – | 54.85 |
| 2004 | – | 48.09 |
| 2009 | – | 51.16 |
| 2014 | – | 61.60 |
| 2019 | – | 71.19 |

*कांग्रेस मुख्यालय का टूटा सन्नाटा*

### लक्ष्मण तिवारी ने थामा हाथ

बीते एक महीने से अपने नेताओं के भाजपा में पलायान से हताश मप्र कांग्रेस में कल कुछ समय के लिये सन्नाटा टूटा और विंध्य के नेता व पूर्व विधायक लक्ष्मण तिवारी ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की उपस्थिति में उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। पटवारी ने तिवारी को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर, पार्टी सदस्यता फार्म भरवाकर पार्टी में प्रवेश दिलाया। इस मौके पर तिवारी ने कहा कि कांग्रेस देश की सबसे पुरानी पार्टी है जिसने देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। भाजपा एक दल नहीं दलदल हो वाली पार्टी बन गयी है। भाजपा में लोग अपनी संपत्ति बचाने के लिए जा रही है, कुछ बिक रहे हैं तो कुछ को खरीदा जा रहा है।



### *महापौर के जाने पर बोले नाथ-* भाजपा धनबल का उपयोग कर रही



छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहाके के भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व सीएम कमलनाथ ने सत्तारूढ़ दल पर बड़ा हमला बोला। पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं 45 वर्ष से छिंदवाड़ा को भारत का सबसे विकसित इलाका बनाने की तपस्या कर रहा हूं। छिंदवाड़ा मेरे लिए कर्मभूमि और तपोभूमि है। उन्होंने लिखा कि भाजपा वाले इस पवित्र भूमि को रणभूमि बनाना चाहते हैं। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी धनबल, बाहुबल और सत्ता बल का दुरुपयोग करने में लगी है। नेताओं को डराया धमकाया जा रहा है। छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को मतदान है। यहां से कांग्रेस ने कमलनाथ के बेटे और सांसद नकुलनाथ को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, भाजपा की तरफ से विवेक बंटी साहू प्रत्याशी हैं। छिंदवाड़ा कमलनाथ का गढ़ है। अब भाजपा प्रदेश की 29 में से 29 सीटें जीतने के लिए कमलनाथ के गढ़ को तोड़ने के लिए उनके वफादरों को तोड़ रही है।

### नड्डा आज जबलपुर व शहडोल में



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मंगलवार को जबलपुर और शहडोल दौरे पर हैं। वहीं, बुधवार को इंदौर एवं उज्जैन दौरे पर रहेंगे। इस दौरान नड्डा जनसभा, बैठक और स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आज नड्डा जनसभा, बैठक एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। नड्डा सुबह 11.30 बजे से जबलपुर में शक्ति केंद्र प्रमुख, बूथ अध्यक्ष, त्रिदेव सम्मेलन को संबोधित करने के बाद दोपहर दो बजे शहडोल के गांधी चौक में जनसभा को संबोधित करेंगे। यहां से नड्डा जबलपुर आएंगे और शाम पांच बजे स्थानीय मानस भवन में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित करेंगे

**समझाइश के बावजूद स्वार्थ हो रहा हावी**

## महुआ के पेड़ों के नीचे लगाई जा रही आग की भेंट चढ़ रहे जंगल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश का जंगल महुआ के पेड़ों के नीचे लगाई जाने वाली आग की भेंट चढ़ रहा है। जैसे–जैसे महुआ गिरने की शुरूआत हो रही है, जंगलों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। रोजाना 50 से अधिक घटनाएं सामने आ रही है। अब तक हजारों हेक्टेयर जंगल प्रभावित हो चुका है।



### रातापानी सेंचूरी भी अछूती नहीं

आग की घटनाएं दूरस्थ जंगलों के साथ–साथ भोपाल से सटे जंगलों में भी घट रही है। रातापानी सेंचूरी इसका उदाहरण है। सेंचूरी के बुधनी वन परिक्षेत्र में कई एकड़ जंगल प्रभावित हो चुका है। आग लगने की 75 फीसद घटनाओं में आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा रहा है।

### महुआ के पेड़ों के नीचे का हिस्सा साफ करने लगाते हैं आग

असल में महुआ गिरने की शुरुआत हो चुकी है। इन पेड़ों के नीचे से महुआ एकत्रित करने के लिए पतझड़ व कचरे को साफ करना होता है, ताकि महुआ एकत्रित करने में दिक्कत न हो। साफ–सफाई के लिए आग लगाना सबसे आसान होता है। यही आग हवा के बहाव के साथ जंगल के दूसरे हिस्सों को अपनी चपेट में ले लेती है और देखते ही देखते पूरा जंगल जलने लगता है।

### समितियों के भरोसे विभाग, लेकिन कई सदस्य ध्यान नहीं देते

जंगलों को आग से बचाने और आग लगने के बाद उसे बुझाने के लिए वन विभाग वन सुरक्षा समितियों पर आश्रित है। ये समितियां मैदान पर काम करती है। वन विभाग के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। लेकिन कई समितियों के सदस्य बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते और जंगल बर्बाद हो जाता है। असल में पहले ही वन विभाग के पास अमले की कमी है जबकि वन क्षेत्र काफी बड़ा है जो अमला है उसके पास आग पर काबू पाने के संसाधन नहीं है। एकमात्र सहारा वन सुरक्षा समितियां ही है जिनकी मदद से आग पर काबू पाने की कोशिशें की जा रही है। कई क्षेत्रों में तो जब तक आग काबू में आती है तब तक बड़ा नुकसान हो गया होता है। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जो संसाधन और तंत्र है, उसके अनुरूप आग की घटनाओं पर पूर्व के वर्षों की तुलना में काफी नियंत्रण है। यदि लोग जंगलों को निशाना बनाना छोड़ दे तो आग लगने की घटनाएं काफी हद तक कम हो जाएंगी।

## पांचवीं-आठवीं का बाद में आएगा, 9वीं-11वीं का रिजल्ट घोषित

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को स्कूल खुलते ही कक्षा नौवीं और ग्यारहवीं के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, लेकिन कक्षा पांचवीं और कक्षा आठवीं का परिणाम अभी तक नहीं आया है। अधिकारी भी कुछ बता नहीं रहे कि परिणाम क्यों लेट हो गया है। मूल्यांकन का कुछ हिस्सा बाकी होने के कारण अभी यह जारी नहीं हो सका। दोनों कक्षा की विषयवार मेरिट लिस्ट भी तैयार की गई है।

## सांची यूनिवर्सिटी में गेस्ट फैकल्टी के इंटरव्यू 3 से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में गेस्ट फैकल्टी के लिए इंटरव्यू 3 और 4 अप्रेल को आयोजित किए जाएंगे। भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए कैंडिडेट्स सभी शैक्षणिक दस्तावेज और अन्य डॉक्यूमेंट्स को अपने साथ लेकर जाएं। कैंडिडेट्स यदि अगर कोई डॉक्यूमेंट्स लेकर नहीं जाते हैं, तो उनको आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विश्वविद्यालय में 3 अप्रेल को अल्टरनेटिव एजुकेशन एंड होलिस्टिक डेवलपमेंट इंग्लिश, बुद्धिस्ट फिलॉस्फी, वैदिक स्टडीज एवं 4 अप्रेल को इंडियन फिलॉस्फी, इंडियन पेंटिंग, योगा एंड हिंदी विषयों के लिए इंटरव्यू होंगे। इंटरव्यू का समय सुबह 11 बजे से रहेगा।

**एक मुख्य सूचना आयुक्त सहित 10 सूचना आयुक्त के पद हैं**

## राज्य सूचना आयोग हुआ खाली, अपीलकर्ता परेशान कैसे होगी सुनवाई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र राज्य सूचना आयोग खाली हो गया है। यानी सूचना भवन में सुनवाई करने के लिए फिलहाल कोई भी सूचना आयुक्त नहीं है। राज्य सूचना आयोग में करीब 10 हजार शिकायतें पेंडिंग है। इन शिकायतों के निराकरण के लिए कोई उपलब्ध नहीं होने से अब सूचना आयोग में शिकायतों की पेंडेंसी बढ़ रही है और अपीलकर्ता परेशान हो रहे हैं।




दरअसल, राज्य सूचना आयोग में एक मुख्य सूचना आयुक्त सहित 10 सूचना आयुक्त के पद हैं, अंतिम बार मार्च 2019 में यहां सूचना आयुक्त की नियुक्ति हुई थी। उस समय तीन सूचना आयुक्त की नियुक्ति हुई थी। इनमें सूचना आयुक्त राहुल सिंह भी शामिल थे, जिनका 30 मार्च को कार्यकाल खत्म हुआ है। वहीं मुख्य सूचना आयुक्त एके शुक्ला का कार्यकाल भी खत्म हो चुका है। हालांकि 26 मार्च तक इन पदों पर नियुक्तियों के लिए आवेदन बुलाए गए हैं, लेकिन नियुक्तियां कब तक हो सकेंगी यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। बता दें कि सा? 19 साल में पहली बार ये स्थिति बनी है जब आयोग पूरी तरह से खाली हो गया है।

### 11 पदों के लिए 185 आवेदन आए

लंबे समय से स्टाफ की कमी से जूझ रहे मप्र लोक सूचना आयोग में राज्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति को लेकर प्रक्रिया शुरू हुई थी। ऐसे में राज्य सूचना आयुक्त के पद को हासिल करने की होड़ में इस बार सबसे आगे आईएएस अफसर हैं। अंतिम तिथि 26 मार्च की शाम तक 11 पदों के लिए कुल 185 आवेदन आए हैं। जिन पर निर्णय होना बाकी है।

## मेडिकल व इंजीनियरिंग कॉलेजों की फीस तय कराने आवेदन 30 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों की फीस तय कराने के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 30 अप्रेल है। इसके लिए कॉलेज संचालक प्रवेश एवं शुल्क नियामक समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन जमा कर सकते हैं। कमेटी के ओएसडी देव आनंद हिंडोलिया ने बताया कि फीस कमेटी कॉलेज की कॉस्ट ऑफ एजुकेशन को देखते हुए फीस तय करेगी। कमेटी यह देखेगी कि कॉलेज जितनी फीस की मांग कर रहे हैं, वह उतना छात्र की शिक्षा पर खर्च भी कर रहे हैं या नहीं। इसके बाद ही दी जा रही सुविधाओं के आधार पर कॉलेजों की फीस तय की जाएगी। खास बात यह है कि हर कॉलेज के लिए फीस तय करवाना जरूरी होता है। अगर कॉलेज फीस तय नहीं कराते हैं, तो वे काउंसलिंग की प्रक्रिया में हिस्सा भी नहीं ले सकते हैं। भले ही फीस बढ़ाई नहीं जाए। कमेटी कॉलेजों की फीस तीन साल के लिए तय करती है।

**मेट्रो एंकर** | **पहले दिन प्रशिक्षण में शामिल हुए करीब चार हजार कर्मचारी**

## पांच अप्रैल तक दी जाएगी 16 हजार मतदान कर्मियों को ट्रेनिंग, 20 को होगी जोन ट्रेनिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सोमवार को शहर में कर्मचारियों को ईवीएम चलाने की ट्रेनिंग दी गई। पहले दिन करीब चार हजार कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। 5 अप्रैल तक 16 हजार मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 20 अप्रैल को ट्रेनिंग के साथ ही परीक्षा भी ली जाएगी। यदि कर्मचारी फेल होता है तो उसे फिर से ट्रेनिंग के लिए बुलाया जाएगा। बार-बार फेल होने की सर्विस बुक पर फेल होने की बात दर्ज की जाएगी। 20 अप्रैल से कर्मचारियों की रूम जोन ट्रेनिंग होगी। इसमें 30-30 कर्मचारी होंगे। यहां भी कर्मचारियों को उनके संबंधित काम की जानकारी देकर हैंड्सऑन ट्रेनिंग कराएंगे। इसमें यदि कोई गलती हुई कर्मचारी को फेल मानते हुए अगली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। एक कर्मचारी की चुनाव तक कम से कम तीन बार ट्रेनिंग हो जाती है। अभी जारी ट्रेनिंग में भी चार घंटे तक एक सेंटर पर दस मास्टर ट्रेनर अलग-अलग काम की प्रक्रिया समझाने के बाद आखिरी एक घंटे में हैंड्स ऑन यानि कर्मचारी को मशीन ऑपरेट कराई जाएगी। यही सबसे महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण के दौरान



पीठासीन अधिकारी को उसके अधिकार और काम के बारे में जानकारी दी गई। ये कर्मचारी मतदाता की पहचान के लिए तय होंगे। मतदाता की पहचान कैसे करें, वोटर आइडी या मतदाता सूची नंबर से जांचकर आगे बढ़ाने का जिम्मा इनपर होगा। साथ ही कर्मचारी मतदाता की अंगुली पर अमिट स्याही लगाएंगे, ताकि वह दूसरी बात कहीं मतदान न करें। स्याही कैसे संभालना है। उसे कैसे लगाना है, इसकी पूरी जानकारी दी गई। इसके अलाववा कर्मचारी कंट्रोल यूनिट संभालते हैं। यानि मतदाता जब इवीएम के पास पहुंचता है तो उसका मतदान सुनिश्चित कराना। बीप के सात सेकंड में मतदान कराना, पर्ची निकलवाना उसका जिम्मा होता है।



## सुविचार

''क्यों डरें ज़िन्दगी में
क्या होगा कुछ ना
होगा तो तर्जुबा होगा ''
-अज्ञात

## संपादकीय

# संयम से शांति पर सोचें

भारत का रूस के साथ समझ और साथ का लंबा इतिहास है। लिहाजा यूक्रेन के साथ युध्दरत रूस को भारत ने समय समय पर परोक्ष या अपरोक्ष रूप से कुछ सुझाव भी दिये हैं। अब यूक्रेन ने रूस के साथ चल रहे संघर्ष पर विराम लगाने के लिए भारत के सुझाए शांति फार्मूले पर भरोसा जताया है तो रूस से भी उम्मीदें बढ गई हैं। गौरतरब है कि यूक्रेन के विदेशमंत्री भारत की यात्रा पर हैं और उन्होंने भारतीय विदेशमंत्री के साथ बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग और समग्र संबंधों को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। रूस-यूक्रेन संघर्ष को दो वर्ष से अधिक समय हो गया, मगर तमाम प्रयासों के बावजूद उस पर रोक नहीं लग सकी है। किसी न किसी बहाने, कुछ-कुछ अंतराल पर रूस हमले तेज कर देता है। वह दो बार परमाणु अस्त्रों के इस्तेमाल की धमकी भी दे चुका है। हालांकि यूक्रेन शुरू से रूस के साथ बातचीत की इच्छा जाहिर करता रहा है, मगर रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की अपनी सदस्यता वापस ले ले, तभी कोई बातचीत हो सकती है। इस मामले में भारत ने भी कई बार दोनों देशों के राष्ट्रपतियों से प्रत्यक्ष रूप से और फोन पर बातचीत की है। यूक्रेन शुरू से भारत के शांति फार्मूले पर अमल के पक्ष में रहा है, पर रूस अपने रुख में किसी तरह का लचीलापन नहीं दिखाता, इसलिए संघर्ष विराम की कोई सूरत नहीं निकल पाई है। भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से मधुर संबंध हैं। रूसी राष्ट्रपति ने शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान भी हमारे प्रधानमंत्री को आश्वस्त किया था कि वे यूक्रेन पर हमले रोकेंगे, मगर वहां से वापस लौट कर उन्होंने हमले और तेज कर दिए थे। रूस अब तक यूक्रेन के बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुका है। वहां भारी तबाही हुई है। दस लाख से ऊपर लोग निर्वासित हो चुके हैं और करीब इतने ही लोग अपनी ही जमीन पर एक तरह से यातना शिविर में रहने को अभिशप्त हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी इस तबाही को रोकने की कोशिश की, मगर उसे कामयाबी नहीं मिल सकी। दुनिया के तमाम देशों को लगता है कि अगर भारत मध्यस्थता करे, तो इसका हल निकल सकता है। मगर अड़चन रूस की तरफ से आ खड़ी होती है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन बातचीत में तो ऐसा जाहिर करते हैं कि वे यूक्रेन पर हमले रोकने को तैयार हैं, मगर व्यवहार में ऐसा कुछ भी करते नजर नहीं आते। दरअसल, यूक्रेन पहले रूस का ही हिस्सा हुआ करता था, पर अलग होकर स्वतंत्र देश बन गया था। अब उसने यूरोपीय देशों के सुरक्षा संगठन नाटो की सदस्यता ले ली है। रूस इसी को लेकर नाराज है। उसे लगता है कि इससे यूरोपीय देश बिल्कुल उसकी सीमा पर आ खड़े हुए हैं। रूस ने यूक्रेन को नाटो की सदस्यता लेने से रोका था, पर वह नहीं माना। उसे अपनी सुरक्षा सर्वोपरि नजर आती है। अब रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता छो? दे। मगर यूक्रेन इसके लिए तैयार नहीं है। ऐसे में यह समझना मुश्किल है कि अगर यूक्रेन भी अपने फैसले पर अडिग रहेगा और रूस भी अपनी शर्तों पर अड़ा रहेगा, तो शांति का फार्मूला लागू कैसे हो पाएगा। भारत सदा से शांति का पक्षधर रहा है, इसलिए जैसे ही दोनों देशों के बीच संघर्ष शुरू हुआ, उसने इसे रोकने की हर कोशिश की, अब जरूरी तो यही है कि दोनों देश अपने रुख में नरमी लायें,खासतौर पर रूस के राष्ट्रपति पुतिन को बहुत आगे तक सोचना होगा,यूक्रेन को भी अपने नागरिकों के हित को समझना होगा।

## आज का इतिहास

- 1325 – चिश्ती सम्प्रदाय के चौथे संत निज़ामुद्दीन औलिया का निधन।
- 1680 – मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी का निधन।
- 1834 – स्वतंत्रता के ग्रीक युद्ध में जनरलों ने देशद्रोह पर मुकदमा शुरू किया।
- 1885 – गॉटलिब डेमलर को अपने इंजन डिजाइन के लिए जर्मन पेटेंट दिया गया।
- 1914 द्ब भारत के पहले फील्ड मार्शल एस.एच.एफ.जे. मानेकशॉ का जन्म।
- 1918 – प्रसिद्ध उक्रेनी लेखक तथा उपन्यासकार ओलेस गोनचार का जन्म।
- 1922 – जोसेफ स्टालिन को सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी का पहला महासचिव घोषित किया।
- 1929 – साहित्यकार निर्मल वर्मा का जन्म ।
- 1931 – साहित्यकार मन्नू भंडारी का जन्म।
- 1955 – गायक हरिहरन का जन्म।
- 1958 – बॉलीवुड अभिनेत्री जया प्रदा का जन्म।
- 1968 – मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने अपने आई टू बीन टू दी माउंटिनेट भाषण दिया।
- 1975 – बॉबी फिशर ने अनातोली कार्पोव के खिलाफ शतरंज मैच में खेलने से इनकार के बाद कर्पोव को विश्व चैंपियन का खिताब डिफ़ॉल्ट रूप से दिया गया।
- 1981– एडम ओसबोर्न द्वारा तैयार पहले पोर्टेबल कंप्यूटर का नमूना पेश किया गया।
- 1999 – भारत ने पहला वैश्विक दूरसंचार उपग्रह इनसैट 1 ई का प्रक्षेपण किया।
- 2007– नयी दिल्ली में 14वां सार्क सम्मेलन शुरू।
- 2009 – जिवरली एंटरर्स वोंग ने बिंगहैटन, न्यूयॉर्क में अमेरिकन सिविक एसोसिएशन के आव्रजन केंद्र पर गोलीबारी की, जिसमें आत्महत्या करने से पहले तेरह लोग मारे गए और चार घायल हुए।
- 2010 – एप्पल ने पहली पीढ़ी के आईपैड और एक टैबलेट कंप्यूटर को लॉन्च किया।
- 2010 – भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के छह संस्थापक सदस्यों में से एक अनंत लागू का निधन।
- 2013 – अर्जेंटीना के ला प्लाटा और ब्यूनस आयर्स में रिकार्ड तोड़ने वाली बारिश के कारण बाढ़ में 50 से अधिक लोग मारे गए।
- 2017 – सेंट पीटर्सबर्ग मेट्रो सिस्टम में एक बम विस्फोट हुआ, जिसमें 14 लोग मारे गए और कई अन्य लोगों घायल हुए।

## निशाना

### छोड़ रहे सब बाण !



– कृष्णेन्द्र राय

वादे और दावे का ।
छोड़ रहे सब बाण ।।
चल रही जो ख़बरें ।
हैं उसका प्रमाण ।।
अपने अपने पाले में ।
है करने का काल ।।
एक दूसरे से शुरू ।
है अभी सवाल ।।
हम ही हैं शुभचिंतक ।
याद है दिलाया ।।
रखना थोड़ा धैर्य ।
है उनका सफाया ।।
चालू है प्रचार ।
है यही निचोड़ ।।
ना जब तक परिणाम ।
हम ही हैं बेजोड़ ।।

# पूरे देश का मुद्दा है वांग्चुक का अनशन

**पहले इस सप्ताह, लद्दाख के जाने-माने इनोवेटर, शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांग्चुक ने नाजुक हिमालय को बचाने के लिए रखे गए 21 दिन के अपने अनशन को पूरा किया। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक एवं रीतिगत स्तरों पर इस उपवास का प्रतीकात्मक महत्व बहुत अधिक है।**

फैशन ऑफ जीसस क्राइस्ट सप्ताह बीते कल तक मनाया गया है-उत्पत्ति के इतिहास में देखें तो पैशन शब्द का मूल लैटिन के पैशियो में है, जिसका अर्थ है कष्ट सहना। कष्ट और मौत को प्रार्थना सहित कबूलना, जिससे पुनर्जीवन और अमरत्व बनता हो, तमाम सभ्यताओं में इसका जिक्र है और बतौर आध्यात्मिक शुद्धीकरण इन कृत्यों की पुनर्स्थापना करने की रिवायत रही है। राजनीति में, इसको शहीदी पाने के रूप में दोहराया जाता है, विरोध जताने का परम तरीका। महात्मा गांधी का सत्याग्रह, कइयों के लिए, इस तपस्या का सफलतापूर्ण पुनः प्रदर्शन था, जिसमें सबसे अधिक कष्ट खुद उन सत्याग्रहियों ने सहा, जो गुलामी की जंजीरों को तोड़कर आजादी की नई सुबह में चलने को तत्पर थे।

पहले इस सप्ताह, लद्दाख के जाने-माने इनोवेटर, शिक्षाविद और पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांग्चुक ने नाजुक हिमालय को बचाने के लिए रखे गए 21 दिन के अपने अनशन को पूरा किया। विभिन्न सामाजिक-राजनीतिक एवं रीतिगत स्तरों पर इस उपवास का प्रतीकात्मक महत्व बहुत अधिक है। गांधीजी का भी सबसे लंबा अनशन 21 दिन चला था, और वांग्चुक केंद्रीय सरकार और इसकी नौकरशाही को झकझोरने के लिए आत्म-शक्ति के जरिये प्रतिरोध के तरीके से इस मानक को पाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर धरने पर बैठे थे। उनकी मांगों को गहराई से पढ़ने की जरूरत है, खासकर संसद में 'प्रकृति नुमाइंदे' होने वाली। सुनने में यह भले अटपटी लगे लेकिन 'प्रकृति नुमाइंदे' का अर्थ बहुत गहरा है। 60000 वर्ग कि. मी. वाले लद्दाख इलाके के लिए महज एक सांसद है, जाहिर है उसकी आवाज़ कोई मायने नहीं रखती। पांच अगस्त, 2019 को जम्मू और कश्मीर संभाग से अलग किए जाने के बाद से लद्दाख का शासन नौकरशाह चला रहे हैं। भाजपा ने अपने 2019 के चुनावी घोषणापत्र में वादा किया था कि इस केंद्र शासित क्षेत्र को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किया जाएगा, लेकिन यह वादा खोखला निकला। भारतीय राष्ट्र की मुकुट धरा में लोकतांत्रिक शून्यता कायम है, यह स्थिति अफसोसनाक और खतरनाक, दोनों है।



माइनेस 12 डिग्री सेंटीग्रेड में खुले आसमान के तले, 300 अन्य सत्याग्रहियों के साथ उपवास और रहना-सोना करके वांग्चुक ने अपने ऊपर बहुत कष्ट झेला है ताकि बाकी की दुनिया देख सके कि लद्दाख में सरकार ने विकास का जो रास्ता अख्तियार किया है, उनमें स्थानीय लोगों की भागीदारी नदारद है। यह स्थान वैश्विक चर्चा का बिंदु भी है। दुनिया में आणविक हथियारों से लैस दो सबसे बड़ी सेनाओं के जवान आज इस सीमा पर आंखों में आंखें डाले आमने-सामने की स्थिति में हैं। तिस पर यह बेहद शीतलतम स्थान नाजुक बने पर्यावरण और ग्लेशियरों की स्थिति से मौसमीय पारिस्थितिकी बिंदु पर है, जिसे हर हाल में आने वाले समय में बचाकर रखना होगा।

लद्दाख में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के लिए लड़ाई सत्ता में हिस्सेदारी के लालच में न होकर इस शीत मरुस्थल को बचाने और चीनी मंसूबों के विरुद्ध सुरक्षा की पहली पंक्ति बने रहने वाले लद्दाखियों के मन में घर कर गए भय का निदान करने के वास्ते है। इसलिए वांग्चुक का सत्याग्रह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। उनकी मांगों में, लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत केंद्रशासित प्रदेश का सुरक्षा आवरण पाना शामिल है। अनुसूची के अंतर्गत आने पर जाहिर है राष्टीय सुरक्षा के हित में लिए फैसलों पर तेजी से क्रियान्वयन की राह में जिला और क्षेत्रीय परिषदें बाधाएं बन सकती हैं। लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि लद्दाख औद्योगिक भूमि आवंटन नीति 2023 में स्थानीय लोगों को पूरी तरह नज़रअंदाज किया जाए, जिसको बनाते वक्त महत्वपूर्ण कमेटियों में स्थानीय लोगों का अर्थपूर्ण प्रतिनिधत्व न रखकर, भूमि आवंटन करने में एकल खिड़की प्रावधान बना डाला है। कहने को तो जिला, विभाग और राज्य स्तर पर तीन एकल खिड़की अनुमति कमेटियां बनाई गई हैं लेकिन यह व्यवस्था न तो स्थानीय लोगों के मन में विश्वास जगाती है और न ही उनकी चिंताओं का निवारण करती है। जाहिर है वांग्चुक की मुम्बई, दिल्ली के लोगों से सरल जीवन जीने और प्रकृति का अत्यधिक दोहन न करने वाली अपील उन्हें रूमानी लगेगी।

हॉलीवुड फिल्म 'वॉल स्ट्रीट' में अभिनेता माइकेल डगलस द्वारा निभाया गॉर्डन गीको का पात्र कहता है 'लालच अच्छा है', आज जिसे हम विकास मान रहे हैं, यह उसका मूलमंत्र बना हुआ है। लेकिन वांग्चुक चाहते हैं कि हम ग्लेशियरों, वादियों, पहाड़ों, चरागाहों और उस जीवनशैली को निहारते हुए इस मंत्र पर पुनर्विचार करें, जो निवेश, आप्रवासी कर्मियों और नए मालिकों की आमद से आजिज आ गयी है। संक्षेप में, क्या सीमा पर नए गांव बसाकर भारत चीन के बुनियादी ढांचा विकास मॉडल का अनुसरण करना चाहता है।भारत की क्षेत्रीय संप्रभुता और चीन के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा से निन्संदेह कोई समझौता नहीं हो सकता, लेकिन स्थानीय जनता की संवेदनाओं की कद्र करने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भी यही बात लागू है। यह ठीक है कि भारत लद्दाखियों के साथ वह नहीं करेगा जो चीन ने तिब्बतियों के साथ किया है। लेकिन यह आश्वासन केंद्र सरकार के उच्चतम स्तर पर दिए जाने की जरूरत है न कि वांग्चुक को विरोध करने का एक और दौर चलाने का मौका देकर, वर्ना इससे स्थानीय लोगों में आशंका और अशांति घर करेगी।

वहां के स्थानीय लोग बाहरी लोगों के प्रति अति-संवेदनशील है, यहां तक कि बेलगाम पर्यटन पर भी। तथ्य यह है कि इस बाबत उनकी और देश के सबसे दक्षिणी बिंदु की कहानी का संदर्भ एक समान है। जयामोहन, कन्याकुमारी से संबंधित एक तमिल-मलयालम लेखक हैं, उन्होंने हाल ही में एक ब्लॉग में केरलवासियों को खराब पर्यटक बताया है कि कैसे वे स्थानीय पर्यावरण और संवेदनाओं के प्रति बेपरवाह रहते हैं। यदि एक द्विभाषी लेखक ने अपनी खुद की पहचान के आधे हिस्से के खिलाफ जाकर बेबाकी से गलतियां गिनाई हैं तो यह इसलिए क्योंकि बतौर पर्यटक हम हिंदुस्तानियों की आदतें अच्छी नहीं हैं।

देश में एक भी जगह ऐसी नहीं है जहां से किसी एक समुदाय या अन्य के खिलाफ इस किस्म की शिकायतें सुनने को न मिलें। कानफोड़ू आवाज में स्पीकर बजाना, चीखना-चिल्लाना, शोरपूर्ण संगीत वह अनुभव है जो यह लेखक रोहतांग दर्रे के अपने दौरे में इन खूबसूरत पहाड़ों से लेकर आया। यदि लद्दाखी बाहरी लोगों की हरकतों से घिरता महसूस करने लगे हैं तो इसलिए क्योंकि घरेलू पर्यटक विनम्र होकर नहीं विचरते। वांग्चुक द्वारा चांगथांग के घास के मैदानों तक पहुंचकर, पश्मीना बकरियों की चरागाहों की रक्षार्थ प्रस्तावित मार्च को स्थानीय लोगों की इन आशंकाओं के संदर्भ में समझने की जरूरत है कि उन्हें डर है कि भारी बाहरी निवेश से उनकी रिवायती रोजी-रोटी जाती रहेगी और यह उन्हें कतई समृद्ध नहीं बना सकता। वांग्चुक एक प्रतीक-पुरुष हैं, हिंदी फिल्म थ्री-इडियट्स की वजह से नहीं, क्योंकि उन्होंने हमेशा समझदारी वाली बात कही हैंङ्क जैसा कि आज भी कर रहे हैं। केंद्र सरकार को उनकी सुननी चाहिए। उनके डर की अहमियत है क्योंकि उत्तराखंड में तथाकथित विशाल विकास परियोजनाएं पर्यावरणीय लिहाज से आपदा सिद्ध हुई हैं। यह वांग्चुक और उनके भाई-बंद हैं, जो स्थाई रूप से भारतीय भूभाग की निगरानी बतौर एक कर्तव्यनिष्ठ नागरिक करते आए हैंङ्क बाकी सब तो नौकरी से बंधे हुए यह करते हैं। उन्हें किसी भी रूप में बेइज्जत न महसूस करवाया जाए। उन्हें इतना सशक्त महसूस रखा जाए कि वे चीनी आक्रामकता का सामना करने और भारत को सुरक्षित बनाने में मददगार रहें।

साभार

## ग्लैमर की दुनिया से राजनीति के मैदान में

# अभी कंगना रनौत को सीखना होगा राजनीति का ककहरा

■ केएस तोमर

दुउन्नीसवीं सदी के विक्टोरियन यथार्थवादी दार्शनिक थॉमस हार्डी के 'अवसर और नियति' के दर्शन के अनुरूप एक अनजान दुनिया में खुद को स्थापित करना उनका अकल्पनीय सपना था। इसलिए वह फिल्म उद्योग में अपनी किस्मत आजमाने मुंबई की खतरनाक यात्रा पर निकल पड़ीं, जहां वह विजयी होकर उभरीं। कंगना के लिए मुंबई की ग्लैमरस जिंदगी से अनिश्चित राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखना पूर्वनिर्धारित लगता है, जो उन्हें अपने पहाड़ी राज्य के लोगों की सेवा का अवसर दे सकता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के भांबाला गांव की लड़की कंगना रनौत की इतनी बड़ी सफलता का श्रेय उनके दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और इच्छाशक्ति को दिया जा सकता है।

बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक और हिंदुत्व विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कट्टर समर्थक कंगना रनौत मंडी लोकसभा सीट से राजनीति के नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबला फिल्मी अंदाज में पलट सकता है। लगता है कि कंगना ने अपने कॅरिअर की दूसरी पारी के लिए अपने पत्ते अच्छे से खेले और भाजपा के उन वरिष्ठ नेताओं को पछाड़ दिया, जो दशकों से पार्टी के प्रति समर्पित थे।

कंगना ने अपने परिवार से विद्रोह किया, जो उनके बॉलीवुड में जाने के खिलाफ थे, क्योंकि फिल्म उद्योग अनिश्चिंतताओं एवं दुविधाओं से भरा है, भले ही अवसर काफी हों। कंगना के माता-पिता चाहते थे कि वह डॉक्टर बने, लेकिन उन्होंने मेडिकल प्रवेश परीक्षा ही नहीं दी। कम आय होने पर रोटी एवं अचार पर गुजारा करने के बावजूद उन्होंने बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई। हालांकि मुंबई में अपना घर नहीं होने और बढ़ते कर्ज के कारण उनके जीने का संघर्ष बढ़ गया था। कंगना स्पष्टवादी इंसान हैं, जो खुद को 'जिद्दी और विद्रोही' बता सकती हैं। कंगना रनौत को आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि सक्रिय राजनीति फिल्मी परी कथाओं जैसी नहीं होती है। अनिवार्य रूप से मतदाता उनसे एक पूर्णकालिक राजनेता होने की उम्मीद करेंगे। इसके लिए उन्हें मंडी को अपना स्थायी निवास स्थान बनाना होगा, ताकि लोग उनसे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए संपर्क कर सकें।



**बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक और हिंदुत्व विचारधारा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कट्टर समर्थक कंगना रनौत मंडी लोकसभा सीट से राजनीति के नए क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए तैयार हैं, जिससे मुकाबला फिल्मी अंदाज में पलट सकता है।**

विश्लेषकों का मानना है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के कारण उन्हें असाधारण मेहनत करनी होगी, हालांकि मोदी के करिश्मे और भारी लोकप्रियता से यह संभव हो सकता है। साथ ही, उन्हें भाजपा के अनुशासित कार्यकर्ताओं, विशाल संसाधनों और आरएसएस की चुनावी मशीनरी का समर्थन भी मिलेगा। 2021 में हुए मंडी लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की प्रतिभा सिंह ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी, जो मुख्यतः दिवंगत वीरभद्र सिंह के प्रति सहानुभूति के कारण थी, लेकिन राजनीतिक माहौल अब बदल गया है, क्योंकि कांग्रेस अव्यवस्थित है, जिससे कंगना को फायदा हो सकता है। यह एक संयोग ही था कि कंगना को उनके 37वें जन्मदिन पर 23 मार्च को मंडी लोकसभा सीट से टिकट दिए जाने की खुशखबरी मिली। खुद को दक्षिणपंथी विचारधारा से जोड़ने वाली और कट्टर मोदी समर्थक बताने वाली कंगना का आरएसएस से घनिष्ठ संबंध रहा है। यही वजह है कि राजनीति का अनुभव नहीं होने के बावजूद पार्टी ने उन्हें टिकट दिया। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी हिमाचल प्रदेश से हैं और कंगना को टिकट दिलाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके अलावा उन्हें केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का भी समर्थन हासिल है, जो राज्य के हमीरपुर जिले के हैं। सक्रिय राजनीति में प्रवेश करने की अपनी महत्वाकांक्षा पूरी होने के बाद बेहद उत्साहित कंगना ने कहा, 'मैं अपने जन्मस्थान हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ने का मौका देने के लिए भाजपा नेतृत्व का आभार व्यक्त करती हूं।'

कंगना और विवाद एक-दूसरे के पर्यायवाची हो गए हैं। अक्सर वह अपने विवादित बयानों के कारण सुर्खियों में रहती हैं। बार-बार उल्लंघन के कारण ट्वीटर ने भी उनके खाते को स्थायी रूप से निलंबित कर दिया था, लेकिन बाद में प्रतिबंध हटा लिया गया। विशेषज्ञों का कहना है कि राजनीति में नवागंतुक होने के कारण कंगना को अपनी फिल्मी शैली से दूर रहना होगा और जमीनी स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के साथ घुलना-मिलना होगा, ताकि उन्हें लगे कि वह एक आम आदमी की तरह हैं, न कि बॉलीवुड की फिल्म स्टार। उन्हें अपने व्यक्तित्व में इस तरह के बदलाव से गुजरना होगा, जो एक सफल राजनीतिज्ञ बनने के लिए अनिवार्य है।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# स्कूलों में मनाया छात्र-छात्राओं का प्रवेश उत्सव



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

विकासखंड की समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस दौरान सभी शालाओं में नवीन प्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक एवं फूलमाला के साथ स्वागत किया गया इस दौरान विकासखण्ड की शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में विशेष भोज का आयोजन कर दर्ज बच्चों को प्रयास अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया गया। इस दौरान जनपद शिक्षा केन्द्र सिवनी मालवा की ओर से श्रीमती संगीता यादव बीआरसीसी,सन्तोष कुमार शर्मा बीएसी,रोहित कुमार रघुवंशी सीएसी श्रीमती पूर्णिमा त्रिपाठी एमआरसी ने शासकीय प्राथमिक शाला सहजकुई,शासकीय माध्यमिक शाला बनाड़ा एवं शासकीय प्राथमिक शाला रमपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण



**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

भारत निर्वाचन आयोग जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदा पुरम एवं पुलिस अधीक्षक नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार आगामी 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन होना है। सिवनी मालवा की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 136 में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस राजू रजक की अध्यक्षता में स्थानीय जनपद सभागृह में पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में थाना सिवनी मालवा थाना शिवपुर तथा थाना डोलरिया के सभी पुलिसकर्मी उपस्थित थे एसडीओपी द्वारा बताया गया कि पुलिस कर्मियों को निर्वाचन के लिए प्रथक से तैयारी करनी है जैसे की बूथप्रबंधन, स्टार प्रचारकों की सुरक्षा आदि प्रमुख है। लोकसभा चुनाव के पूर्व होने वाली सभाएं लाइन ऑर्डर की स्थिति शांतिपूर्ण चुनाव कैसे कराया जाए भौगोलिक स्थिति कैसी है जिसके संबंध में विस्तार पूर्वक बताया। प्रशिक्षण में उषा मरावी, विवेक यादव, खुमान सिंह पटेल सहित पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# स्वसहायता समूह की महिलाओं ने खो-खो खेल से दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना एवं स्वीप नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में नर्मदापुरम जिले की तहसील इटारसी के ग्राम सोनासावरी में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा खो-खो खेल के माध्यम से उपस्थित मतदाताओं को 26 अप्रैल 2024 को शतप्रतिशत मतदान करने के लिए दिया संदेश। इसी प्रकार शासकीय गृह अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की प्रथम बार वोट देने वाली छात्राओं द्वारा नवीन वोटर्स ने अपने वोटर आईडी कार्ड के माध्यम से सभी मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा 26 अप्रैल 2024 को मतदान करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस अवसर पर प्रचार डॉक्टर कामिनी जैन ने छात्रों को मार्गदर्शन करते हुए कहा कि युवाओं का लोकतंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका होती है वह मतदान के माध्यम से देश के विकास प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ हर्षा एवं श्रीमती किरण सहित कैंपस एंबेसडर पूजा गोस्वामी एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड जवानों का 7 दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण का शुभारंभ



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर के निर्देशानुसार आपदा न्यूनीकरण के लिए एसडीईआरएफ एवं होमगार्ड जवानों का 7 दिवसीय कोशल उन्नयन एवं क्षमता निर्माण प्रशिक्षण का शुभारंभ आज सेठानीघाट पर किया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट होमगार्ड नर्मदापुरम राजेश कुमार जैन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि आपदा प्रबंधन एवं राहत बचाव प्रशिक्षण कोलकाता एवं पुणे में प्रशिक्षित विशेषज्ञ अधिकारियों एवं जवानो के नेतृत्व में सेठानीघाट में शुरू किया गया, उक्त प्रशिक्षण 7 दिवसीय रहेगा। श्री जैन ने बताया है कि उक्त विशेष प्रशिक्षण में प्रमुखता- डीप डायविंग, तैराकी की विभिन्न विधाए, मोटर वोट हैण्डलिंग, वोट असेम्बलिंग, मोटरवार्ड एवं इंजन मेंटनेन्स, प्रथमोपचार, बाढ़ आपदा के दौरान बचाव की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 दिवसीय प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में जवानों की विशेष आपदा संबंधी योग्यता एवं दक्षता का परीक्षण किया जाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जवानों को किया जाएगा पुरस्कृत**

**चेक पोस्टों पर सतत निगरानी रखी जाए, सीसीटीवी की व्यवस्था के साथ वीडियोग्राफी कराई जाए**

# क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर विशेष ध्यान, मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करें: कलेक्टर



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना एवं पुलिस अधीक्षक श्री गुरु करनसिंह ने सोमवार को माखन नगर, सोहागपुर पिपरिया एवं बनखेड़ी में मतदान केंद्रों उपार्जन केंद्रों एवं एस एस टी चेक पोस्ट नाकों, ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सभी मतदान केंद्रों में स्पष्ट रूप से सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सीईओ जनपद एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए की मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया, पेयजल शौचालय इत्यादि की व्यवस्था आयोग निर्देश अनुरूप रहे। सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रहे । वही उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने गेहूं खरीदी व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए और कहां के किसानों को समझाएं दी जाए कि वह एफएक्यू क्वालिटी के गेहूं की लेकर आए ।**

कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने माध्यमिक शाला चादौन में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 247 एवं 249 का निरीक्षण किया। बताया गया कि कैंपस में दो मतदान केंद्र हैं। कलेक्टर ने शौचालय में पानी की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतदान केंद्र को क्रिटिकल कि श्रेणी में रखा गया है । पुलिस अधीक्षक ने बताया की मतदान केंद्र में पर्याप्त बल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। तत्पश्चात कलेक्टर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरधा में स्थित मतदान केंद्र क्रमांक 210 , 211 और 212 का निरीक्षण किया। इनमें से दो मतदान केंद्र क्रिटिकल श्रेणी में थे। मौके पर ही कलेक्टर ने ग्रामीणों से चर्चा की ग्रामीणों ने बताया कि गत विधानसभा चुनाव में भी पूर्व की तरह ही उन सभी ने मतदान किया था। कलेक्टर ने यहां पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी को निर्देश दिया कि स्वीप की गतिविधि प्रतिदिन करें ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। बताया गया कि यहां पर दिव्यांग और 85 प्लस के एक एक मतदाता है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उक्त दोनों मतदाताओं से घर पर मतदान करने की सहमति 12 ष्ठ फॉर्म में लें।

प्राथमिक शाला मथानी में में स्थित मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने बिना छत के शौचालय पर नाराजगी व्यक्ति और कहां की शौचालय पर छत या टीन सेट डाला जाए उन्होंने प्राथमिक शाला के पीछे रहवासी आवास को देखते हुए टीन सेट लगाने के निर्देश दिए। बताया गया कि गत चुनाव में मतदान समाप्ति समय के बाद भी लंबी पंक्तियाँ होने के कारण मतदान होता रहा था। कलेक्टर ने निर्देश दिए की यहां पर सेक्टर अधिकारी, बीएलओए आवश्यकता पड़ने पर मास्टर ट्रेनर भी पोलिंग पार्टी का सहयोग करें।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सेमरी हरचंद में कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि गत वर्ष 25000 क्विंटल तक की स्कंध आवत हुई थी। इस वर्ष एफसीआई को गेहूं परिवहन करना है । एफसीआई का रैक पॉइंट बागरा तवा में है। कलेक्टर ने कहा कि सभी किसानों को समझाइश दी जाए कि वे साफ सुथरा गेहूं लेकर मंडी में आए ताकि एफसीआई को साफ सुथरा गेहूं दिया जा सके। जेएसओ ने बताया कि नोडल ऑफिसर्स और दल की ड्यूटी लगाकर प्रशिक्षण दे दिया गया है। कलेक्टर ने पंखा छलनी ग्रेडिंग मशीन का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने शक्ति एग्रो सर्विस उपार्जन समिति खपड़ियां के उपार्जन केंद्र एवं गोदाम का निरीक्षण किया उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गेहूं उपार्जन का कार्य सफलतापूर्वक करें.

कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी पिपरिया का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि गेहूं स्कंध का परिवहन एफसीआई को किया जाएगा । हर वर्ष 50 हजार मीट्रिक टन की खरीदी होती है। सर्वेयर की नियुक्ति हो चुकी है और उनकी ट्रेनिंग भी हो चुकी है। कलेक्टर ने मॉइस्चर मीटर और गेहूं का भी अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह एफसीआई के अधिकारियों को भी एक बार यहां बुलाकर गेहूं की क्वालिटी दिखाएं।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सुहागपुर कृषि उपज मंडी में बनाएं ईवीएम स्ट्रांग रूम का बाहर से निरीक्षण किया। बताया गया कि स्ट्रांग रूम 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी में है । ईवीएम 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था में है। बताया गया कि स्ट्रांग रूम में 24 घंटे पुलिस ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने पिपरिया में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बनाएं ईवीएम स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। 24 घंटे पुलिस की सुरक्षा रखी गई है। महाविद्यालय परिसर से ही ईवीएम का वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने अपने भ्रमण के दौरान ग्राम आंचल खेड़ा में बनाएं एसएसटी जांच नाको का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने वाहन रजिस्टर का अवलोकन किया। बताया गया कि यहां 24 घंटे बारी बारी से पुलिस एवं अन्य अधिकारियों की ड्यूटी रहती है। हर आने जाने वालों वाहनों की चेकिंग की जाती है , कोई भी गाड़ी संदिग्ध पाए व संदिग्ध वस्तु पाए जाने पर उसकी वीडियोग्राफी कराई जा रही है।

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने पिपरिया के माल्हनवाडा चेक पोस्ट नाके का भी निरीक्षण किया बताया गया कि गत चुनाव में वाहनों से नकद राशि जब्त की गई थी अभी तक किसी भी वाहन में कोई नगद राशि बरामद नहीं हुई है । कलेक्टर ने ड्यूटी रत अधिकारियों को निर्देश दिए की चेक नाका महत्वपूर्ण है नरसिंहपुर से जुड़ा हुआ है इसलिए यहां पर विशेष सावधानी रखें। उन्होंने पिपरिया के एस एस टी चेक नाका सिवनी का भी निरीक्षण किया , बताया गया की चेक पोस्ट जांच नाके में 24 घंटे सीसीटीवी लगाया गया है। सभी निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी पर पहुंच रहे हैं । ब्रिज की दूसरी और तरफ रायसेन जिला लगता है। रायसेन से एवं अन्य जगहों से वाहनों की आवाजाही होती है तो प्राथमिकता से वाहनों की चेकिंग की जा रही है।निरीक्षण के दौरान सुहागपुर के के एसडीएम बृजेश रावत, पिपरिया के एसडीएम संतोष कुमार तिवारी, सभी संबंधित तहसीलदार, संबंधित बीएलओ एवं संबंधित ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने तवा पुल, म्हालनवाड़ा और सिवनी एसएसटी चेक पोस्ट निरीक्षण किया

कलेक्टर ने सोमवार को अपने प्रशासनिक अमले के साथ सोहागपुर के सेमरी हरचंद के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थित मतदान क्रमांक 180 , 181 और 182 का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र के बीएलओ , सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं सचिव को निर्देश दिए की लोकसभा निर्वाचन में यहां पर मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए प्रति सप्ताह एक स्वीप गतिविधि की जाये। बताया गया कि उक्त तीन मतदान केंद्रों में से एक मतदान केंद्र वल्नरेबल चिन्हित किया गया है। कलेक्टर ने मौके पर ग्रामीणों से चर्चा की। ग्रामीणों बताया कि एक चिन्हित अपराधी से परेशानी है। हालांकि गत विधानसभा चुनाव में सभी लोगों ने मतदान किया था। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव का निर्देश दिए की धूप की अधिकता को देखते हुए वह कनात लगाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात कलेक्टर एवं एसपी ने शासकीय प्राथमिक शाला जालौन के दो मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने मतदान केंद्र में एंट्री और एग्जिट प्वाइंट देखा। उन्होंने सचिव को निर्देश दिए की वह निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुरूप मतदान केंद्र में पेयजल एवं टेंट की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने जालौन में स्वीप की गतिविधियां चलाने के निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर** — **कृषकों के लिए पानी व छाया की व्यवस्था के दिए निर्देश**

# जिला पंचायत सीईओ ने किया उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

उपार्जन केन्द्रों पर फसल विक्रय के लिए आने वाले कृषकों को किसी तरह की असुविधा न हो, कृषकों के लिए साफ पेयजल,छाया आदि सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए यह निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा 1 अप्रैल 2024 को जनपद पंचायत माखननगर के उपार्जन केन्द्रों के भ्रमण के दौरान दिए गए। ज्ञात हो कि सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा भ्रमण के दौरान माखननगर तथा बज्जरवाड़ा के उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया एवं कृषकों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं उपार्जन केन्द्रों पर साफ-सफाई व्यवस्था व उक्त कार्यों में संलग्न श्रमिकों की जानकारी प्राप्त की गई एवं निर्देश दिए गए कि उपार्जन कार्य इस प्रकार किया जाए जिसमें कृषकों की उपज की सही तुलाई हो सके व कृषकों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

उपार्जन केन्द्र के साथ-साथ सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा आगामी निर्वाचन के संबंध में मतदान केन्द्रों का भी विभिन्न ग्रामों में निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत आरी तथा सांगाखेड़ा में मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदान हेतु आने वाले मतदाताओं को दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया एवं निर्देश दिए गए कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त छाया एवं पेयजल की व्यवस्था की जाए। निर्वाचन से संबंधित शासन से जारी निर्देशो का कड़ाई से पालन किया जाए।

ग्राम पंचायत सांगाखेडा में मनरेगा अंतर्गत निर्मित तथा संचालित गौशाला का भ्रमण किया गया एवं गौशाला संचालन में संलग्न समूह से चर्चा की गई। सीईओ जिला पंचायत श्री रावत द्वारा गायों के टीकाकरण, उन्हें उपलब्ध चारे-भूसे एवं गौअवशिष्ट से बनाए जाने वाले गौकाष्ट व खाद आदि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। समूहों को निर्देश दिए गए कि चारागाह को उचित रूप से विकसित किया जाए। तकनीकी अमले को निर्देश दिए गए कि चारागाह में चारों ओर फेंसिंग कार्य किया जावे जिससे गौशाला के अतिरिक्त आसपास उपस्थित अन्य पशुओं द्वारा चारागाह को नुकसान न पहुचाया जाए। भ्रमण के दौरान सभी पंचायतो में सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराते हुए अनिवार्यतः मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। भ्रमण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सतीष चंद्र अग्रवाल, सहायक यंत्री हरिकृष्ण नायक व संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव-ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।



# शिक्षक शर्मा ने जिस स्कूल में की पढ़ाई, वहीं पढ़ाया, अब सेवानिवृति पर किया सम्मान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

प्राथमिक शाला तरवरिया के प्राथमिक शिक्षक दीनदयाल शर्मा को सेवानिवृत्त हो गए। स्कूल परिसर में हुए उनके सम्मान समारोह में सभी प्रमुख शिक्षा अधिकारियों ने शिरकत की। इस दौरान शिक्षकों ने उनकी कार्यशैली को युवा शिक्षकों के लिए प्रेरणास्पद बताते हुए उनसे सीख लेने की बात कही।

मनोज शर्मा ने बताया कि जिस समय शर्मा का शिक्षाकर्मी के रूप में चयन हुआ था, उस समय अपनी पंचायत में वे एकमात्र हायर सेकंडरी शिक्षा प्राप्त शिक्षक थे। 1998 में सिलेक्शन के बाद उन्होंने झूकर हौज, कमलिया और फिर शिक्षक दीनदयाल शर्मा को



अधिकारियों ने अभिनंदन पत्र भेंट किया।

कार्यक्रम को बीआरसी रमेश धाकड़, सीएम राइज स्कूल के प्राचार्य महेश ताम्रकार, संकुल प्राचार्य मनोज शर्मा, उत्तमचंद जाटव, किशोरीलाल शाक्य एवं लक्ष्मीनारायण शर्मा ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

तरवरिया स्कूल में सेवा दी। शिक्षाकर्मी वर्ग-3 से शुरू हुआ उनका यह सफर सहायक अध्यापक, जनशिक्षक से होते हुए प्राथमिक शिक्षक पर आकर थमा। उन्होंने बताया कि ये भी सौभाग्य की बात है कि जिस स्कूल में उन्होंने शिक्षा ग्रहण की, वहीं पर उन्हें सेवा देने का अवसर मिला। आज उसी स्कूल से उनकी सेवानिवृत्ति भी हो रही है। उनका व्यवहार और कार्यशैली प्रशंसनीय है। इस अवसर पर शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर शिक्षक परिवार ने उनका सम्मान भी किया।

# लोकसभा चुनाव:मतदानकर्मियों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

लोकसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए जिन मतदान करने की ड्यूटी लगी है उनको मास्टर ट्रेनरों के द्वारा अलग-अलग चरणों में चुनावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वही एसडीएम हर्षल चैधरी ने मतदान कर्मियों से कहा कि हमने बहुत अच्छे तरीके से विधानसभा चुनाव संपन्न कराया था इसी तरह हमें लोकसभा चुनाव संपन्न कराया था जो हल्की फुल्की त्रुटियां हो गई थी वहां लोकसभा चुनाव में ना हो इसलिए बारीकी से सभी चीजों को समझ ले निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से चुनाव संपन्न करना है। मास्टर ट्रेनरों के द्वारा बारीकी से चुनावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



# माह-ए-रमजान आखिरी अशरा, होंगी खास इबादतें, अहतेकाफ में बैठे मसाजिद में लोग, ईद की खरीदारी भी शुरू



सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

माह-ए-रमजान तीन अशरों में बंटा गया है पहला और दूसरा अशरा तो खत्म हो गया अब माह ए रमजान के 21 रोजे पूरे होने के साथ अब अंतिम अशरे में पहुंच गया है। इस्लामी मान्यता के मुताबिक इस खास अशरे में इबादतों का बड़ा महत्व बताया गया है। इस माह की खास रात शब ए कद्र भी इन्हीं दस दिनों के बीच होना है, जिसके लिए अल्लाह के बंदे अहतेकाफ कर अपने मालिक को राजी करने के लिये मसाजिद में अहतेकाफ में बैठ गये है। रमजान माह में इस्लाम की पाक किताब कुरआन आसमान से उतारी गई थी। इसके लिए एक विशेष रात की तस्दीक नहीं है। बल्कि रमजान के आखिरी दस दिनों में ही इसके होने की बात कही गई है। इनमें रमजान माह की 21,23,25,27 और 29वीं रात में से किसी एक को शब ए कद्र होने की संभावना जताई जाती है। जिसके चलते इस्लामी धर्मावलंबी इन सभी रातों को खास इबादत का सिलसिला बनाते हैं। सोमवार को इस कड़ी की पहली यानी 21वीं शब हो गई है इसमें लोगों ने घर एवं मसाजिद म जाकर इबादतें की कल 23 वी शब् होगी।

### अहतेकाफ में सिर्फ अल्लाह का जिक्र

रमजान माह के तीसरे और आखिरी अशरे (अंतिम 10 दिन) में अहतेकाफ किया जाता है। पूरे गांव, कस्बे, बस्ती या मुहल्ले से एक व्यक्ति भी इस अरकान को पूरा करने बैठ जाए, तो माना जाता है कि इसका सवाब उस पूरे गांव, कस्बे, बस्ती या मुहल्ले के लोगों को मिलता है। नेकी और अल्लाह के बेहतर फैसलों की उम्मीद के साथ देश दुनिया में में लोग इस अरकान को पूरा करते हैं। अहतेकाफ में बैठने वाले अपने परिवार, समाज, बाहरी लोगों और दुनियावी कामों से पूरी तरह दूरी बना लेते हैं। इस दौरान वे सिर्फ नमाज, रोजा, कुरआन की तिलावत, तस्बीह और अल्लाह के जिक्र में ही वक्त गुजारते हैं। 21वीं रात से शुरू हुआ ये अहतेकाफ ईद का चांद दिखाई देने पर पूरा होता है।

### मुकम्मल कुरान का जश्न

रमजान माह में अदा की जाने वाली खास नमाज तरावीह का समापन भी अधिकांश मस्जिदों में 27वीं रात को किया जाता है। जिसके चलते मस्जिदों में बड़े जलसे, उलेमाओं की तकरीरें और तबर्रुक वितरण के कार्यक्रम भी होते हैं। घरों में पढ़े जा रहे कुरआन का मुकम्मल और इसके कुबूल किए जाने के लिए दुआएं भी की जाती हैं।

# सुबह से लेकर शाम तक शराब दुकानों को खुलवाने के लिए आबकारी विभाग परेशान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

इस बार शराब दुकान का ठेका उज्जैन के शराब कारोबार में ले लिया इसके बाद पहले से जिसके पास शराब का ठेका था उसके द्वारा शराब दुकानों की चाबी नए ठेकेदार के अमले को नहीं दी जा रही थी दुकानों को खुलवाने के लिए आबकारी इंस्पेक्टर संजय इब्ने ,आरक्षक मनोज दुबे मौके पर पहुंचे उन्होंने पुराने ठेकेदार के कर्मचारियों से बात करके तले खुलवाने की प्रयास किया पर सफल नहीं हुए कई बार बैठकों का दौर चलता रहा प्रशासनिक दवा बनने के बाद देर शाम को जाकर सहमति बनी तब जाकर नवीन ठेकेदार के अमले को इन दुकानों की चाबी मिल पाई उसके बाद ही शराब दुकान से शराब बिक्री प्रारंभ हो पाई इससे पहले शराब लेने के लिए शराबी दुकान के बाहर चक्कर लगाते रहे दिन में कई बार आबकारी विभाग का अमला मौके पर पहुंच पर हर बार खाली हाथ लौट जाता था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुराने ठेकेदार के पास जो माल बच गया था उसको ठिकाने लगाने को लेकर चर्चा हो रही थी नवीन ठेकेदार उसका माल के बदले में पैसे देने को तैयार नहीं हुआ था इस वजह से दुकानों की चाबी नहीं दी जा रही थी काफी ज्यादा के बाद दुकानों के ताले खुल पाए जिले के अमले को भी दुकान खुलवाने के लिए प्रशासनिक दबाव बनाना पड़ा तब जाकर ताले खुले।



### कई घरों में रखी हैं शराब की पेटियां

एक दिन पहले इतने कम दामों पर शराब बेची गई तो लेने वालों का मेला लगा रहा था पेटियां की पेटियां लोग ले जाते हुए नजर आए यदि शहर में कई स्थानों पर छापा मार कार्रवाई की जाए तो बड़ी मात्रा में अवैध शराब कई लोगों के घरों से बरामद हो सकती है। चुनाव के दौर में भी इस तरह से अबैध शराब रखने का काम कई लोगों के द्वारा अपने घरों में कर लिया है। अब देखना है कि प्रशासन के द्वारा अवैध रूप से शराब रखने वालों पर कार्रवाई की जाएगी या नहीं।

# मतदानकर्मी चुनाव संबंधी बारीकियों को गंभीरता से ग्रहण करें : कलेक्टर

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

**लोकसभा चुनाव 2024 के लिये जिले की पांचों विधानसभाओं के मतदानकर्मियों के लिए एक साथ दो-दो पालियों में प्रशिक्षण शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण पांच अप्रैल तक संबंधित जनपद पंचायत के नियत स्थल पर दो-दो पालियों में संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसएटीआई के प्रशिक्षण कक्ष में सम्मिलित होकर प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि कर्मचारी चुनाव की प्रक्रियाओं की बारीकियों को समझें। निर्वाचन संबंधी तमाम जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्ति के उपरांत ही प्रशिक्षण हाल छोड़े। यदि कोई जानकारी समझ में नही आती है तो निःसकोच प्रश्न पूछकर उसका समाधान प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यो में गलती नहीं होना चाहिए। चुनाव कार्य में गलती हुई तो क्षम्य नहीं होगी।**



कलेक्टर ने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे सम्पूर्ण प्रशिक्षण प्रक्रिया को गंभीरता से लें। निर्वाचन आयोग द्वारा हरेक बिन्दु के संबंध में लिखित निर्देश जारी किए गए है जिसका अध्ययन कर शत प्रतिशत पालन कराया जाना अतिआवश्यक है। उन्होंने सम्पूर्ण निर्वाचन कार्य टीम वर्क की भावना से करने पर बल देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा हरेक मतदानकर्मी पर प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से निगरानी रखी जाती है किसी एक की गलती से पूरा जिला सफर करता है और जिले की प्रतिष्ठा प्रभावित होती है। किन्ही भी परिस्थितियों में हम प्रभावित ना हो का पूरा ध्यान रखना आवश्यक है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने कहा कि शिक्षा क्यों जरूरी है इस ओर अब कोई विचारणीय प्रश्न नहीं है। पूर्व काल की अपेक्षा अब शिक्षा सहज और सुगमता से प्राप्त की जा सकती है। हमें शिक्षा अनेक गुणो से उन्नत करती है। उन्होंने बच्चों से कहा कि तनावमुक्त होकर शिक्षा ग्रहण करें। ज्ञान प्राप्ति की कोई उम्र नहीं होती है कई मामलो में विद्यार्थियो से शिक्षकों को सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक क्षेत्र में परिश्रम करने से हमारे बौद्धिक विकास में वृद्धि होती है जो हमें समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए आवश्यक है। उन्होंने अपने शैक्षणिक कार्यकाल के उदाहरणों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री विनीत तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने भी सम्बोधित किया।

बरईपुरा में स्थित सीएम राइज स्कूल में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभांरभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यार्थियों को पाठयपुस्तकों का वितरण किया गया। आयोजन के संबंध में संस्था की प्राचार्या श्रीमती दीप्ति शुक्ला ने उद्धेश्यो को रेखांकित किया। कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य, जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट सहित अन्य अतिथियों को संस्था की ओर से प्रतीक चिन्ह प्रदाय किए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अलावा गुरूजन सहित अन्य मौजूद रहें।

**लंबित आवेदनों की समीक्षा:** कलेक्टर ने सोमवार को विभागो में लंबित आवेदनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने में विशेष पहल की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की जिला स्तरीय रैकिंग जारी होने के उपरांत लगभग एक सप्ताह तक विभागीय अधिकारी विशेष ध्यान नहीं देते है इस कारण से लंबित आवेदनो की संख्या बढने लगती है।

कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण हेतु अब हरेक शनिवार की सायं चार बजे से विशेष बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में डी ग्रेड से संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों के कार्यो की विशेष तौर पर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य एवं जल संसाधन व पीएचई विभाग में सर्वाधिक आवेदन लंबित होने पर असंतोष जाहिर करते हुए उन्होंने समस्त एसडीएमों को निर्देशित किया है कि पटवारियों की बैठक आयोजित कर निराकरण मामलो में तेजी लाए। इसी प्रकार अन्य विभागो के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है।



कलेक्टर श्री वैद्य ने समीक्षा बैठक के दौरान जिले में समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्यो के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है साथ ही सभी एसडीएमों को उपार्जन केन्द्रो का आकस्मिक निरीक्षण कर बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति हो रही है कि नही तथा उपार्जन दिशा निर्देशो का पालन केन्द्रो पर किया जा रहा है कि नहीं मानिटरिंग के दायित्व सौपे गए है। कलेक्टर श्री वैद्य ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल आपूर्ति के संबंध में कहीं कोई दिक्कत ना हो के विशेष प्रबंध सुनिश्चित करें।

कलेक्टर श्री बुद्धेश कुमार वैद्य ने बताया कि जिले में पेयजल आपूर्ति, उपार्जन कार्यो के साथ-साथ बिजली की आपूर्ति के संबंध में सीएम हाउस से सीधे आवेदकों से सम्पर्क किया जा रहा है। आवेदको से हुई चर्चा की जानकारियां जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर श्री वैद्य ने बताया कि उपरोक्त कार्यो की मानिटरिंग के लिए व समय अवधि में जानकारियां सम्प्रेषण के लिए जिला पंचायत सीईओ को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि उपार्जन संबंधी समस्त कार्यो के लिए डीएसओ, पेयजल के लिए पीएचई के कार्यपालन यंत्री तथा सड़को के मामलो में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को समेकेतिक जबावदेंही सौंपी गई है अर्थात उपार्जन कार्यो के क्रियान्वयन हेतु अन्य विभागो से भी संबंधित समस्याओं के निराकरण की पहल सहायक नोडल नियुक्त जिला आपूर्ति अधिकारी को सुनिश्चित करनी होगी। इसी प्रकार पूर्व उल्लेखित विभागो के अधिकारियों को भी दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

### चित्रकला के माध्यम से मतदाता जागरूकता के संदेश



लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले का हरेक मतदाता अपने मतदान का उपयोग मतदान केन्द्रो पर पहुंच कर करें का संदेश मतदाताओं तक विभिन्न माध्यमों से सम्प्रेषित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुद्धेश कुमार वैद्य ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान शासकीय जिला स्तरीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट सीनियर बालक छात्रावास बरईपुरा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रावासी विद्यार्थियों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उकेरा गए चित्रकला के माध्यम से संदेश देने का काम किया है जिसका अवलोकन कलेक्टर ने किया और विद्यार्थियों के द्वारा इस विधा के माध्यम से अपने हुनर के साथ-साथ मतदाता जागरूकता के संदेशों हेतु किए गए कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। कलेक्टर श्री वैद्य ने छात्रावासी विद्यार्थियों के चित्रकला का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा, आदिम जाति कल्याण विभाग की जिला संयोजक श्रीमती पारूल जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आरके ठाकुर, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती राखी जैन तथा सीएम राइज स्कूल की प्राचार्या श्रीमती दीप्ति शुक्ला मौजूद रहीं।

**मेट्रो एंकर**

### कृषि विभाग के एसडीओ ने उर्पाजन केंद्रों का लिया जायजा

# समर्थन मूल्य केंद्रों पर, गेहूं ,चना व सरसों की खरीदारी प्रारंभ

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।

आचार संहिता के बीच में प्रशासन के द्वारा समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदारी प्रारंभ कर दी गई है 1000 बोरो के करीब आवक भी सभी समर्थन मूल्य केंद्रों को मिलाकर हो चुकी है। हो गई है। पहले गेहूं की खरीदारी का श्री गणेश हुआ था सोमवार से चना ,मसूर, सरसों की खरीदारी भी शुरू हो गई है। खरीदारी में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो और किसानों को परेशानी ना उठाना पड़े जिसके लिए जिम्मेदार अधिकारी भी अभी से हरकत में दिखाई दे रहे हैं। खरीददारी के पहले दिन ही समर्थन मूल्य केंद्रों का जायज लेने के लिए संबंधित अधिकारी भी पहुंचने लगे हैं । सोमवार को कृषि विभाग एसडीओ वीरेंद्र मालवीय ने वैदही वेयर हाउस एवं एनफील्ड वेयरहाउस पर पहुंच कर खरीददारी की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए समिति प्रबंधकों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों को उपज तुलवाने में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए सारी व्यवस्थाएं मौके पर रहनी चाहिए टेंट से लेकर साफ स्वच्छ पानी के इंतजाम किए जाएं बारदाना पर्याप्त मात्रा में हो तौल कांटों में किसी भी तरह की परेशानी ना हो किसानों से उपज भरने की एवज में किसी भी तरह की राशि ना मांगी या यदि ऐसी कोई शिकायत आती है तो कठोरता कार्रवाई की जाएगी पहले दिन कम संख्या में ही किसान अपनी उपज लेकर समर्थन मूल्य केदो पर पहुंचे ।

### 17 पर गेहूं 4 पर चना मसूर सरसों की होगी खरीदारी

समर्थन मूल्य पर खरीदारी का काम सहकारी समितियां के माध्यम से शासन के द्वारा करवाया जा रहा है। गेहूं की खरीदी के लिए 17 केंद्र निर्धारित किए गए हैं तथा चार केंद्रों पर चना मसूर सरसों की खरीदी की जाएगी जिनके नाम परसौर पिपलियाहट ,देहरी दीपना खेड़ा है जहां पर इनकी खरीदी होगी बाकी सभी केंद्रों पर गेहूं की खरीदी की जाएगी।

### कहीं से भी शिकायत मिली तो होगी कठोर कार्रवाई एसडीएम

समर्थन मूल्य पर उपज बिकय करने में किसानों को किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करने दिया जाएगा इसके संबंध में सभी दिशा निर्देश समिति प्रबंधकों को एसडीएम के द्वारा जारी करते हुए कहा कि शासन के नियम के अनुसार सभी इंतजाम पहले किए जाएं तोल कांटे मौजूद होना चाहिए बारदाना पर्याप्त मात्रा में रहे टैग होना चाहिए सर्वेयरों के साथ मानक गुणवत्ता का पालन भी होना चाहिए किसी भी तरह कि लापरवाही मिलती है तो हम सीधी कार्रवाई करेंगे साथ ही किसानों को छाया के लिए टेंट तथा पीने के लिए साफ जल उपलब्ध होना चाहिए ।



### हर साल होती है गड़बड़ी

समर्थन मूल्य केंद्र पर किसानों को उपज बेचने के लिए कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फसल तुड़वाने के लिए पैसे देने पड़ते हैं दूसरी और कई बार तोल कांटों में गड़बड़ी भी की जाती है। इसके अलावा कई सर्वरों के द्वारा भी किसानों को परेशान किया जाता है उपज को पास करने के बदले में वसूली की जाती है।

### बाजार से खरीद कर केंद्रों पर भी तुलवाने का होता है खेल

कई राजनीतिक लोगों तथा दलाल किस्म के किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर मंडी से फसल खरीद कर तुलवाने का कार्य किया जाता है। पिछले साल भी बड़ी संख्या में इस तरह के खेल को अंजाम दिया गया था जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदारी आंखें बंद करके तमाशा देखते रहे। इस वजह से कई पत्र किसानों को अपनी फसल तुलवाने के लिए परेशान भी होना पड़ा था दूसरी ओर इस बार आचार संहिता लगी हुई इसलिए प्रशासन के हाथ में सब कुछ होगा राजनीतिक लोगों की ज्यादा कुछ नेतागिरी नहीं चल पाएगी फिर भी यह लोग सर्वे से सांठ-गांठ करके इस गलत काम को किया जाता है।

### इनका कहना है

*शासन के नियम के अनुसार सभी व्यवस्थाएं केंद्रों पर करने के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

*हर्षल चैधरी, एसडीएम सिरोंज*

# स्कूलों में मनाया प्रवेशोत्सव तिलक लगाकर माला पहनकर किया छात्र-छात्राओं का स्वागत

सिरोंज, दोपहर मेट्रो।



शासकीय स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया प्रवेश उत्सव के साथ नए शिक्षण सत्र प्रारंभहुआ। शिक्षण सत्र के पहले दिन छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया गया। वहीं पुराने छात्र नई कक्षा में जाकर खुशी उनके चेहरे पर देखने को मिली। शिक्षण सत्र के पहले दिन बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला हालांकि पहले दिन बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही है। आने वाले दिनों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी अब स्कूल में पढ़ाई शुरू हो गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रवेश उत्सव से पहले शिक्षकों ने अपने स्कूल के क्षेत्र में घर-घर जाकर बच्चों को स्कूल में देखने के लिए जागरूक किया था। सरकारी स्कूलों में एडमिशन लेने पहुंच रहे बच्चे दाखिला से वंचित न रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने बताया कि 1 अप्रैल से शिक्षण सत्र शुरू हो गया है आज प्रवेश उत्सव मनाया गया है जिसमें पहले दिन स्कूल आने वाले छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया है। छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए लक्ष्य बनाकर पढ़ने नियमित रूप से स्कूल आने और अपने शिक्षक माता-पिता के प्रति आदर भाव रखने की बात कही।

# सिनर पहली बार मियामी ओपन जीत करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नंबर-2 पर पहुंचे, सुमित नागल 95वें पायदान पर

**विश्व रैंकिंग**

**मियामी, एजेंसी**

भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को ताजा एटीपी रैंकिंग में दो स्थान का फायदा हुआ है। इससे वह अपने करियर की सर्वोच्च्य रैंकिंग 95वें स्थान पर पहुंच गए हैं। यह साल सुमित के लिए अच्छा रहा है और वह फरवरी से लगातार शीर्ष 100 में जगह बना रहे हैं। सुमित मंगलवार से मोरक्को में शुरू होने जा रहे ग्रांप्री हसन टूर्नामेंट में चुनौती पेश करने के लिए उतरेंगे। इटली के 22 वर्षीय युवा खिलाड़ी जेनिक सिनर का मियामी ओपन में खिताब जीतने का सपना आखिरकार पूरा हो ही गया। टूर्नामेंट में दूसरी वरीय खिलाड़ी सिनर ने यहां खेले गए पुरुष एकल के फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 11वीं वरीय बुल्जारियाई खिलाड़ी ग्रिगोर दिमित्रोव को सीधे सेटों में 6-3, 6-1 से शिकस्त दी और पहली बार इस खिताब पर कब्जा कर लिया।



### तीसरे प्रयास में मिली खिताबी जीत

इटालियन खिलाड़ी सिनर के लिए मियामी ओपन जीतने का सफर आसान नहीं रहा और उन्हें तीसरे प्रयास के बाद चैंपियन बनने का मौका मिला है। इससे पहले, वह 2021 और 2023 में मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताब जीतने से चूक गए थे। सिनर के लिए अभी तक यह साल बेहद शानदार रहा है और उन्होंने 2024 में अपना कुल तीसरा खिताब जीता। इससे पहले, उन्होंने साल का पहला ग्रैंड स्लेम ऑस्ट्रेलियन ओपन और फिर रोटेरडम में ट्रॉफी जीती थी। नोवाक शीर्ष पर, अल्कारेज को एक स्थान का नुकसान- पुरुष एकल विश्व रैंकिंग में सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच का दबदबा कायम है और वह नंबर एक पर स्थित हैं। लेकिन स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज को एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। मियामी ओपन के फाइनल में हारने वाले ग्रिगोर दिमित्रोव को तीन स्थान का फायदा हुआ है और वह नौवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## आईपीएल: आज एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा मैच

# बेंगलुरु के खिलाफ लखनऊ ने 3 मैच गंवाए, एकमात्र जीत

**बेंगलुरु, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना लखनऊ सुपरजाइंट्स (एलएसजी) से होगा। लीग का 15वां मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम 7 बजे होगा। आरसीबी का इस सीजन यह चौथा मैच होगा। टीम को दो में हार और महज एक में जीत मिली। दूसरी ओर एलएसजी का यह सीजन में तीसरा मैच रहेगा, टीम को एक में जीत और एक में ही हार मिली है। पॉइंट्स टेबल में लखनऊ छठे और बेंगलुरु 9वें नंबर पर है।



### हेड टु हेड में आगे बेंगलुरु

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 4 मैच खेले गए। 3 में आरसीबी और महज एक में एलएसजी को जीत मिली। यह एक जीत भी टीम को पिछले सीजन बेंगलुरु में ही मिली थी, तब एलएसजी ने आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले को एक विकेट से जीता था।

### पंजाब के खिलाफ बतौर इम्पैक्ट प्लेयर खेले थे राहुल

पंजाब के खिलाफ लखनऊ की कप्तान निकोलस पूरन ने की थी। रेगुलर कप्तान केएल राहुल चोटिल होने के कारण फील्डिंग करने नहीं उतरे थे। उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर बनकर बैटिंग की थी। ऐसे में संभावना है कि राहुल आज का मैच इम्पैक्ट प्लेयर बनकर खेलें। बेंगलुरु चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित होगी।

### विराट आरसीबी के टॉप स्कोरर, दयाल के नाम सबसे ज्यादा विकेट

सीजन का पहला मैच ही बेंगलुरु और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच खेला गया था, जहां बेंगलुरु को छह विकेट से हार मिली। टीम ने अपने दूसरे मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया। वहीं तीसरे मैच में टीम को होमग्राउंड पर कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 7 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। विराट कोहली आरसीबी के टॉप रन स्कोरर हैं, उनके नाम 3 मैच में 2 फिफ्टी के सहारे 181 रन हैं। दोनों ही फिफ्टी बेंगलुरु में आईं। दूसरी ओर यश दयाल टीम के टॉप विकेट टेकर हैं, उन्होंने हर मैच में 1-1 विकेट लिया।





### निकोलस पूरन एसएसजी के टॉप स्कोरर

एसएसजी का यह तीसरा मुकाबला होगा। टीम को पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 20 रन से हार मिली। वहीं दूसरे मैच में टीम ने पंजाब किंग्स को 21 रन से शिकस्त दी। निकोलस पूरन एसएसजीके टॉप स्कोरर हैं। पूरन ने इस सीजन के 2 मैचों में 64 और 42 रन की पारियां खेली हैं। टीम के दूसरे ही मैच में अपनी स्पीड से सभी को प्रभावित करने वाले मयंक यादव टीम के टॉप विकेट टेकर बन गए। उनके नाम 3 विकेट हैं।

### रोहित का रिकॉर्ड 17वां डक: 250 मैच खेलने वाली पहली टीम बनी एमआई

राजस्थान रॉयल्स को लगातार तीसरी जीत मिली। टीम ने वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को हराया। स्न्ढ्ढ के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा पहली ही बॉल पर आउट हुए, वह टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 17वीं बार जीरो पर आउट हुए। राजस्थान के युजवेंद्र चहल ने रिकॉर्ड 20वीं बार पारी में 3 प्लस विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन ने 200वां और मुंबई ने आईपीएल में 250वां मैच खेला। अश्विन 200 मैच खेलने वाले दूसरे बॉलर बने, वहीं मुंबई इतने मैच खेलने वाली पहली ही टीम बनी। राजस्थान के खिलाफ मुंबई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा खाता भी नहीं खोल सके, उन्हें पहली ही बॉल पर ट्रेंट बोल्ट ने कॉट बिहाइंड करा दिया। इसी के साथ रोहित ने आईपीएल में 17 बार जीरो पर आउट होने का रिकॉर्ड बना लिया। इस मामले में दिनेश कार्तिक भी उनकी बराबरी पर हैं। मुंबई ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 20 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। यह 4 विकेट के नुकसान पर मुंबई का दूसरा सबसे छोटा स्कोर है। इससे पहले 2017 में बेंगलुरु के खिलाफ टीम ने 7 रन के स्कोर पर ही 4 विकेट गंवा दिए थे। अश्विन आईपीएल में 200वां मैच खेलने वाले दूसरे गेंदबाज बने।

# जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचा राजस्थान, रियान को मिली ऑरेंज कैप

**नईदिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल के में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज कर अपनी जीत की लहर को बरकरार रखा और अंक तालिका में छह अंकों के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई। वहीं, मुंबई अब तक इस टूर्नामेंट में पहली जीत नहीं हासिल कर पाई है और 10वें पायदान पर है। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 125 रन बनाए। इसके जवाब में संजू सैमसन की टीम ने 15.3 ओवर में चार विकेट खोकर 127 रन बनाए और मैच जीत लिया। 126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका 10 रन के स्कोर पर लगा। क्वेन मफाका ने यशस्वी जायसवाल को पहले ओवर की आखिरी गेंद पर आउट किया। वह सिर्फ 10 रन बना सके। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए संजू सैमसन ने जोस बटलर के साथ दूसरे विकेट के लिए 32 रन की साझेदारी निभाई, जिसे आकाश मधवाल ने पांचवें ओवर में तोड़ा। उन्होंने राजस्थान के कप्तान को 42 रन के स्कोर पर आउट किया। वह सिर्फ 12 रन बना सके। इसके बाद आकाश ने जोस बटलर को अपना शिकार बनाया। वह 13 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें आकाश ने अपने दूसरे ओवर में शिकार बनाया। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए रविचंद्रन अश्विन आए जिन्होंने चौथे विकेट के लिए रियान पराग के साथ 40 रन की साझेदारी निभाई, लेकिन आकाश ने उन्हें भी नहीं बख्शा और पवेलियन भेज दिया। अश्विन ने एक चौके की मदद से 16 रन बनाए। इसके बाद रियान पराग और शुभम दुबे ने टीम को 16वें ओवर में जीत दिलाई। दोनों के बीच 39 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। पराग इस टूर्नामेंट में दमदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। उन्होंने 39 गेंदों में 54 रन की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और तीन छक्के निकले। इस शानदार पारी के साथ रियान ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली के शीर्ष पर पहुंच गए।



**मेट्रो बाजार**

# उपलब्धि: विनिर्माण को मिल रहा बढ़ावा, देश में आया निवेश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, औषधि क्षेत्र में पिछले साल दिसंबर तक 25,813 करोड़ रुपये का निवेश मिला। यह 17,275 करोड़ रुपये के निवेश की उम्मीद से अधिक है। इस क्षेत्र के प्रमुख लाभार्थियों में डॉ. रेड्डीज लैब, सिप्ला, ग्लेनमार्क फार्मा, बायोकॉन और वॉकहार्ट शामिल हैं। सरकार की ओर से 14 क्षेत्रों के लिए शुरू की गई उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना से देश में दिसंबर, 2023 तक 1.06 लाख करोड़ रुपये का निवेश आया है। कुल निवेश में औषधि और सौर मॉड्यूल का योगदान करीब आधा रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर तक सूचना प्रौद्योगिकी, हार्डवेयर, वाहन एवं इसके कलपुर्जे, कपड़ा और एसीसी (उन्नत रसायन सेल) बैटरी भंडारण जैसे क्षेत्रों में कम निवेश आया है। सरकार ने 2021 में 1.97 लाख करोड़ रुपये के खर्च के साथ दूरसंचार, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, कपड़ा, चिकित्सा उपकरणों के विनिर्माण, वाहन, विशेष स्टील, खाद्य उत्पाद, उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल, उन्नत रसायन बैटरी, ड्रोन और औषधि जैसे 14 क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजना की घोषणा की थी। सौर पीवी मॉड्यूल क्षेत्र को मिले 22,904 करोड़ रुपये उच्च दक्षता वाले सौर पीवी मॉड्यूल में निवेश 22,904 करोड़ रुपये रहा। इस क्षेत्र से 1.10 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद थी। इसके लाभार्थियों में शिरडी साई इलेक्ट्रिकल्स, रिलायंस न्यू एनर्जी सोलर, अदाणी इंफ्रास्ट्रक्चर और टाटा पावर सोलर शामिल हैं।

## कोल इंडिया का उत्पादन 773.7 एमटी होने की संभावना

**मुंबई, एजेंसी।** कोल इंडिया लिमिटेड ने उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी 773.7 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन करेगी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक होगा। हालांकि, यह कंपनी के निर्धारित लक्ष्य 780 मिलियन टन से कम है। कोल इंडिया के चेयरमैन पी एम प्रसाद ने हाल ही में एक निवेशक सम्मेलन में कहा था कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में भूमि संबंधी कुछ उत्पादन बाधाओं के कारण कमी का अनुमान लगाया था। गौरतलब है कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2022-23 में अपना अब तक का सबसे अधिक 703.2 मीट्रिक टन उत्पादन दर्ज किया था। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने 28-29 मार्च को उत्तर पश्चिम भारतीय तटरक्षक क्षेत्र में सुविधाओं का जायजा लिया। पहले दिन इन्होंने ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई (एचएमयू) के लिए तैयार बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया। अगले दिन गायत्री अरमाने ने इनाज गांव वेरावल में तटरक्षक ओटीएम और विवाह घर का उद्घाटन किया। रक्षा सचिव को ओखा में आईसीजी जेट्टी निर्माण कार्य की जानकारी दी गई। एनबीसीसी ने नौरोजी नगर डब्ल्यूटीसी को सबसे बड़ी बोली के साथ 1905 करोड़ रुपये में बेचा है। पावर फाइनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड, सिक्यूरिटी प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और सोलर एनर्जी कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने करीब 4.8 लाख वर्ग फुट के वाणिज्यिक स्थान को खरीदा है। कंपनी ने 25 ई-नीलामियों के माध्यम से अब तक 30 लाख वर्ग फुट से अधिक के वाणिज्यिक स्थान को बेचकर 12,000 करोड़ रुपये से अधिक का बिक्री मूल्य प्राप्त किया है। उत्तर रेलवे ने स्क्रैप बिक्री में एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

*पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने बताई आपबीती*

# माहिरा से लोग कहते थे 'ये नाक नहीं खतरनाक है'




'हमसफर' जैसे पॉपुलर शोज करने वालीं एक्ट्रेस माहिरा खान पाकिस्तान की जानी मानी अदाकारा हैं. माहिरा की इंडिया में भी अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है. हालांकि, जब उन्होंने इंडस्ट्री में एंट्री की थी तो लोगों ने उन्हें नोज सर्जरी की सलाह दी थी. माहिरा ने एक इंटरव्यू में बताया था, अल्लाह की कसम मैं जब इस इंडस्ट्री में आई थी तो तब लोग मुझे कहते 'ये नाक नहीं खतरनाक है'. ये उस समय की बात जब हर कोई नोज सर्जरी करवाने की बात करता था और मैं ऐसे थी कि नहीं, नाक नहीं काटूंगी.

**इन फिल्मों में दिखीं माहिरा:** बता दें कि माहिरा को शो हमसफर से नेम-फेम मिला. उन्होंने 2011 में फिल्म बोल से करियर की शुरुआत की थी. वो बिन रोए, मंटो, हो मन जहां, वर्ना, 7 दिन मोहब्बत इन, सुपरस्टार जैसी फिल्में कर चुकी हैं. उन्होंने बॉलीवुड फिल्म में भी काम किया है. वो 2017 में आई शाहरुख खान की फिल्म रईस में लीड एक्ट्रेस के रोल में दिखीं थीं. ये फिल्म फ्लॉप हुई थी. माहिरा को ये फिल्म शाहरुख की सास की वजह से मिली थी. माहिरा ने खुद इसके बारे में बताया था. एक इंटरव्यू में कहा था-मैं शो हमसफर के लिए भारत गई थी. फिर मुझे फिल्म रईस के लिए कॉल आया था. मुझसे कहा गया कि उन्होंने मुझे टीवी पर देखा था. शाहरुख खान की मान ने मुझे हमसफर में देखा था और उन्होंने शाहरुख से कहा था कि इस लड़की को अप्रोच करो. इसके बाद मुझे वो फिल्म मिली थी. टीवी शोज की बात करें तो उन्होंने नीयत, शहर-ए-जात, सदके तुम्हारे, बिन रोए, रजिया और हम कहां के सच्चे थे जैसे पाक ड्रामा में दिख चुके हैं।

# सलमान ने दी थी रणदीप को नसीहत, ज्यादा काम करो, खूब कमाओ

रणदीप हुड्डा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'स्वतंर्त्या वीर सावरकर' को लेकर चर्चा में बने हुए है. फिल्म को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. वहीं फिल्म में रणदीप की एक्टिंग की भी खूब तारीफ हुई है. स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की लाइफ पर बेस्ड इस का डायरेक्शन भी उन्होंने खुद किया है. इस फिल्म को बनाने के लिए रणदीप को अपना घर तक बेचना पड़ गया था। बीते दिनों एक्टर फिल्म के प्रमोशन में बिजी चल रहे थे. इस दौरान उन्होंने फिल्म के अलावा और भी कई सारी बातों का खुलासा किया. ह्लष्ठअङ्क को एक इंटरव्यू के दौरान रणदीप ने सलमान खान संग अपनी बॉन्डिंग को लेकर बात की. उन्होंने बताया कि भाईजान ने उन्हें हमेशा ज्यादा पैसे कमाने की राय दी है. वहीं रणदीप ने सुपरस्टार को अपना ब्रो भी बताया है. सरबजीत एक्टर कहते हैं कि हम जब भी मिलते हैं तो हमारी बातें ज्यादातर बॉडी और काम को लेकर होती है. सलमान खान ने मुझे हमेशा ज्यादा काम और ज्यादा पैसा कमाने की सलाह दी है. वे मुझसे हमेशा यही कहते हैं कि अगर मैंने अभी काम करके अपना भविष्य नहीं बनाया, तो मुझे आगे चलकर कई सारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. एक्टर आगे कहते हैं वे मुझे हमेशा बहुत अच्छी सलाह देते हैं, लेकिन मेरे सोचने का तरीका थोड़ा अलग है. मैं उनकी सारी बातें सुनता हूं और उसे फॉलो करने की कोशिश करता हूं. मैंने खुद को पूरी तरह से तो बदल नहीं सकता लेकिन मैं फिर भी कोशिश करता हूं. वे काफी अच्छे थिंकर हैं।



# जाह्नवी-शिखर पहाड़िया के रिश्ते पर बोनी कपूर ने लगाई मुहर, बनेंगे कपूर खानदान के दामाद!



जाह्नवी कपूर और शिखर पहाड़िया बॉलीवुड गलियारे में चर्चा में बने रहते हैं। दोनों को ही अक्सर एक साथ छुट्टियां मनाते और पब्लिक प्लेस पर साथ निकलते देखा जाता है। इसके बावजूद भी दोनों ने कभी अपने रिश्ते की अटकलों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। हाल ही में बोनी कपूर ने दोनों के बारे में बात की। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा। कई मौकों पर शिखर पहाड़िया को जाह्नवी कपूर की फैमिली के साथ समय बिताते हुए देखा जाता है और पब्लिक इवेंट्स में उन्हें जाह्नवी के पिता बोनी कपूर के साथ भी क्लिक किया गया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में बोनी कपूर ने शिखर के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की।

### पिता बोनी ने शिखर पहाड़ियाकी जमकर तारीफ की

बोनी कपूर से हाल ही में उनकी बेटी जाह्नवी कपूर के कथित बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया। इस पर कपूर ने उनकी तारीफ करने का मौका नहीं छोड़ा। शिखर की बात पर उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें प्यार करता हूं। कुछ साल पहले जब वह जान्हवी के साथ नहीं थे, लेकिन मैं तब भी उनके साथ फ्रेंडली था।

### क्या लगेगी उनके रिश्ते पर मुहर?

जाह्नवी के रिलेशनशिप पर बात करते हुए बोनी कपूर ने आगे कहा, मुझे यकीन था कि वह जाह्नवी के लिए कभी एक्स नहीं होंगे। वह हमेशा आसपास रहेंगे। इतना कहकर बोनी कपूर ने दोनों के रिश्ते को लेकर बड़ा हिंट दिया है। हो सकता है भविष्य में जल्द ही अटकलों पर मुहर लग जाए।

# सुसाइड नोट में एटीएम का पिन लिखकर युवक ने लगाई फांसी

## बोर्ड ऑफिस में पिता करते हैं माली की नौकरी, घर का छोटा बेटा था मृतक



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास उस समय देखी जब मां उसके लिए चाय लेकर पहुंची थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। सुसाइड नोट में उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। इसके अलावा एटीएम का पिन और अन्य गोपनीय पिन लिखे हैं। पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार बी-सेक्टर, सुभाष कॉलोनी निवासी औसद घुंघराले पिता रमेश घुंघराले (27) प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। पिता रमेश बोर्ड ऑफिस में माली हैं। औसद अपने माता-पिता के साथ रहता था, जबकि दो बड़े भाई अलग-अलग अपने परिवार के साथ रहते हैं। औसद सुबह 10-11 बजे तक सोकर उठता था। रविवार रात वह खाना खाकर कमरे में चला गया। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास मां उसके कमरे के सामने चाय लेकर पहुंची, लेकिन कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखने पर पता चला कि औसद फांसी के फंदे पर लटका है। शोर सुनकर रमेश घुंघराले और पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए। औसद को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की जांच कर रहे एसआई ओमकार सिंह वर्मा ने बताया कि औसद की शादी के लिए लड़की की तलाश की जा रही थी। कुछ जगह बात भी चल रही थी।

### सुसाइड नोट किया बरामद

पुलिस ने औसद के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। जिसमें उसने आत्महत्या की वजह नहीं लिखी है। अंग्रेजी में लिखे गए सुसाइड नोट में उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। इसके अलावा यह भी लिखा कि किस अंगूठे से मोबाइल का लॉक खुलेगा। पुलिस ने मोबाइल का लॉक खोल लिया है, लेकिन मोबाइल में ऐसा कुछ भी नहीं मिला है जिससे आत्महत्या के कारण साफ हो सके।

# बिजली बिल को लेकर विवाद, छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला



भोपाल, दोपहर मेट्रो

जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित रविदास कॉलोनी में सोमवार सुबह एक युवक ने अपने ही छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने से युवक को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने युवक की शिकायत पर भाई के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया था। वहां से आरोपी को जेल भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार राहुल बामने पिता श्यामलाल बामने (24) रविदास कॉलोनी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। इसी मकान में अलग कमरे में प्रदीप बामने रहता है। प्रदीप राहुल की दूसरी मां का बेटा है और राहुल से बड़ा है। घर का बिजली बिल राहुल बामने जमा करता है। गत महीने भी राहुल ने बिजली का बिल जमा किया था। बिल ज्यादा होने के कारण राहुल की प्रदीप से कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर सोमवार सुबह भी राहुल और प्रदीप के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर प्रदीप ने राहुल पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। चाकू पेट में लगने के कारण परिजन राहुल को अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां उसका ऑपरेशन हो गया और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

### बांड ओवर की हो चुकी है कार्रवाई

मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर राजकुमार गौतम ने बताया कि अस्पताल से सूचना मिली थी। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया है। प्रदीप निगरानी बदमाश है। लगातार अपराधों में लिप्त रहने के कारण उसके खिलाफ बांड ओवर की कार्रवाई की गई थी। बावजूद इसके आरोपी ने अपने भाई पर जानलेवा हमला किया। अब पुलिस आरोपी के खिलाफ बाउंड ओवर के उल्लंघन की कार्रवाई कर रही है।

# बड़े तालाब में मिला युवक का शव, पुलिस कर रही जांच



भोपाल, दोपहर मेट्रो

तलैया थाना क्षेत्र स्थित वीआईपी रोड राजा भोज की प्रतिमा के पास से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है।मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है जिससे कि उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने शव पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। पुलिस उसकी पहचान करने का प्रयास कर रही है।

पुलिस के अनुसार बीती रात करीब 10.30 बजे गोताखोरों ने राजा भोज की प्रतिमा के पास से एक युवक का शव पानी में देखकर पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पानी से बाहर निकलवा कर तलाशी ली। तलाशी लेने पर मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला जिससे कि उसकी पहचान की जा सके। मृतक की उम्र करीब 20 से 22 साल के आसपास बताई जा रही है।

## पुलिसकर्मियों के लिए बयान, वीडियो ने बढ़ाई मंत्री और बेटे की मुसीबत

# मंत्रीपुत्र का कार-नामा: डीसीपी पहुंची थाने, घटना का वीडियो लगा हाथ

## पुलिस कमिश्नर को सौंपी जाएंगी जांच रिपोर्ट, वीडियो में मंत्री और पुत्र धमकाते आए नजर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** शाहपुरा थाना क्षेत्र में स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के बेटे द्वारा गदर करने का मामला दिन व दिन तूल पकड़ते जा रहा है। मामला अब भोपाल तक ही सीमित नहीं रहा है, बल्कि दिल्ली तक पहुंच गया है। मामला पार्टी के आलाकमान तक पहुंचने के कारण पीड़ित पक्ष को उम्मीद जाग गई है कि उनके साथ न्याय होगा। पुलिस भी मामले में तेजी से जांच कर रही है। जांच डीसीपी जोन वन को सौंपी गई है।

डीसीपी जोन वन सोमवार को शाहपुरा थाने पहुंची थी। वहां उन्होंने पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। इसके अलावा थाने के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। डीसीपी जोन वन के हाथ एक वीडियो लगा है। उक्त वीडियो में मंत्री का बेटा और मंत्री दोनों ही थाने में पुलिसकर्मियों को रौब दिखाते हुए नजर आए हैं। यही वीडियो मंत्री पटेल और उनके बेटे के लिए मुसीबत बन सकता है। पुलिस सूत्रों की माने तो वीडियो के आधार पर मंत्री और बेटे के खिलाफ शासकीय काम में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया जा सकता है। फिलहाल डीसीपी जोन मामले की जांच कर रही है और उन्होंने अभी अपनी रिपोर्ट कमिश्नर को नहीं सौंपी है।



### पीड़ित मंत्रीपुत्र के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज करने की कर सकते हैं मांग

उल्लेखनीय है कि चूनाभट्टी निवासी अलीशा सक्सेना त्रिलंगा में अम्मा बाबूजी रसोई नाम से रेस्टोरेंट चलाती है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात करीब आठ बजे रहे होंगे। मैं अपने रेस्टोरेंट के काउंटर में बैठी हुई थी। इसी बीच स्कूटी सवार युवक विवेक सिंह का पीछा करते हुए कार आई। कार सवार युवक विवेक से हमारे रेस्टोरेंट के सामने मारपीट करने लगे। यह सुनकर मेरे पति डेनिस मार्टिन उर्फ सोनू गाली-गलौज कर रहे मंत्री पुत्र को समझाने का प्रयास किया। तभी मंत्रीपुत्र ने रेस्टोरेंट के सामने रखा गमला उठाकर मेरे पति के सिर पर पटक दिया। उनके खून निकलने लगा। तभी मंत्रीपुत्र के अन्य साथी कार से लोहे की रॉड से हमला कर दिया। मार्टिन के सिर में 6 टांके आए थे। बावजूद इसके पुलिस केवल मारपीट की धाराओं के साथ 324 आईपीसी की धारा में कार्रवाई की थी। मार्टिन के कोर्ट में 164 के बयान होंगे। इसमें वह कोर्ट से मंत्रीपुत्र के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला दर्ज करने की मांग कर सकते हैं।

## बिलखिरिया थाने के सामने हुआ हादसा: हादसे के बाद पलट गया ट्रक

# शराब से लदे ट्रक ने थाने के सामने तीन वाहनों को मारी टक्कर, दो युवतियों समेत 7 घायल





भोपाल, दोपहर मेट्रो

बिलखरिया थाने के सामने सोमवार शाम शराब से लदे ट्रक ने पिकअप वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रक ने एक कार और स्कूटी सवार दो युवतियों को भी टक्कर मारी इसके बाद सड़क किनारे खंती में पटल गया। हादसे में कुल सात लोग घायल हुए है। इनमें दो युवतियों को गंभीर चोट आई है। उनका पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ट्रक में सोम कंपनी की शराब थी।

पुलिस के अनुसार सोमवार दोपहर सोम कंपनी की शराब से भरा ट्रक रायसेन के उमरावगंज से शराब भरकर गुना जाने के लिए निकला था। शाम करीब चार बजे बिलखिरिया थाने के ठीक सामने पहुंचते ही ट्रक के ब्रेक फेल हो गए और ट्रक ने सामने से आ रही पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप वाहन के अगले टायर फूट गए। इसके बाद ट्रक ने बगल से गुजर रही टाटा टियेगो कार को चपेट में ले लिया। दोनों वाहनों को टक्कर मारने के बाद बेकाबू ट्रक ने एक स्कूटी पर जा रही दो युवतियों को भी टक्कर मारी थी। इसके बाद ट्रक स?क किनारे खंती में पलट गया।

**तीन वाहनों में सवार 7 लोग घायल:** एसआई कृष्णा ठाकुर ने बताया कि ट्रक चालक समेत पिकअप वाहन में सवार दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। कार में भी दो लोग सवार थे उन्हें भी साधारण चोटें आई हैं। गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हुई है। एसआई का कहना है कि स्कूटी सवार दोनों युवतियों को अधिक चोटें आई हैं। उन्हें पटेल नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार चालक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## काजीकैंप में ससुर दामाद में विवाद

# चाकूबाजी के साथ फायर, पेट के पास लगी गोली



भोपाल, दोपहर मेट्रो

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित गुरुनानक कॉलोनी के पास बीती रात दामाद ससुर और साले में विवाद हो गया। विवाद इतना बड़ा कि चाकूबाजी के साथ एक पक्ष ने फायर कर दिया। फायर होने से दामाद को पेट के पास गोली लगी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार शानू करोंद थाना निशातपुरा में रहता है और प्राइवेट का काम करता है। जबकि गुरु नानक कॉलोनी में उसके ससुर सुल्तान बेग रहते हैं बीती रात करीब साढ़े 11 बजे शानू और सुल्तान बेग में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर सुल्तान बेग का बेटा कामरान भी पहुंच गया। इसके बाद शानू के साथ मारपीट की और चाकूबाजी की। शानू ने भी ससुर और साले का विरोध करते हुए मारपीट की थी। कुछ देर बाद विवाद शांत हो गया, लेकिन दोनों पक्षों में एक दूसरे से रंजिश होने के कारण कुछ देर बाद फिर विवाद हो गया। इस बार कामरान के हाथ कट्टा लग गया था और उसने दामाद शानू पर फायर कर दिया। फायर होने से गोली पेट को छूती हुई निकल गई। पुलिस का कहना है कि शानू को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुल्तान और कामरान को भी विवाद में चोट लगी है।

**मेट्रो एंकर**

## प्रताप ढाबा में रंगपंचमी मना रहे होटल के कर्मचारी को डंडे से पीटा

# रंग खेल रहे होटलकर्मी की एसआई ने की डंडे से पिटाई, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

रातीबढ़ थाना क्षेत्र के प्रताप ढाबा में थाने के सब इंस्पेक्टर द्वारा डंडे से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सब इंस्पेक्टर उदय सिसोदिया कुछ कर्मचारियों के साथ प्रताप ढाबा पहुंचते हुए नजर आए और ढाबे में काम करने वाले कर्मचारी की प्लास्टिक के डंडानुमा पाइप से पिटाई कर दी।

जानकारी के अनुसार नीलबड़ निवासी 27 साल के राजेंद्र बहादुर विस्ट ने बताया कि वह प्रताप ढाबा में काम करता है और गत 30 मार्च की दोपहर ढाबा पर था। सभी कर्मचारी ढाबे में शाम के खाने की व्यवस्था के लिए जल्दी पहुंच गए थे और वह भी पहुंच गए थे। रंगपंचमी होने के कारण सभी कर्मचारियों रंग खेल रहे थे। इस दौरान शाम करीब चार बजे के आसपास रातीबड़ थाने के एसआई उदय सिसोदिया स्टाफ के साथ ढाबे में पहुंच गए। वे किचन में पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। इस पर कर्मचारी ढाबे से बाहर निकलकर भाग गए।

### हाथ और पैर पर मारे डंडे





राजेंद्र का कहना है कि उसके पास सब इंस्पेक्टर उदय सिसोदिया पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। राजेंद्र ने उनसे पूछा कि साहब मेरा कसूर क्या है तो वह भड़क गए और कहने लगे कि तुझे बहुत अकड़ है और आज तेरी अकड़ निकालता हूं। इसके बाद प्लास्टिक के पाइप से मारपीट की।

### कर्मचारी आपस में कर रहे थे लड़ाई

इस संबंध में सब इंस्पेक्टर उदय सिसोदिया से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि रंगपंचमी में साक्षी ढाबा और प्रताप ढाबा के सामने चेकिंग पाइंट लगा हुआ था। इस दौरान ढाबे में कर्मचारियों की मारपीट होने लगी। मारपीट होती देख मैं स्टाफ के साथ पहुंचा और कर्मचारियों को समझाइश दी।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक राजेश सिरोठिया द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) फोन : 0755-4917524, 2972022